# भारत डायनामिक्स लिमिटेड, 45वाँ वार्षिक विवरण 2014-15

## लोक सभा / राज्य सभा के पटल पर रखे जाने वाले प्रपत्र

अधिप्रमाणित

हस्ता./-
रक्षा राज्य मंत्री

# Bharat Dynamics Limited, 45th Annual Report 2014-15

## Papers to be laid on the table of Lok Sabha / Rajya Sabha

AUTHENTICATED

Sd./-
RAKSHA RAJYA MANTRI

# निदेशक मंडल

## अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक



वी उदय भास्कर

### सरकारी निदेशक



**कुसुम सिंह**
संयुक्त सचिव, रक्षा उत्पादन विभाग, रक्षा मंत्रालय
(23 सितंबर, 2015 से)



**आर जी विश्वनाथन**
अपर वित्त सलाहकार (आर अण्ड डी), डी आर डी ओ
संयुक्त सचिव, रक्षा मंत्रालय

### पूर्णकालिक निदेशक



**एवीएम एन वी सिंह**
अविसेमे, विसेमे (नि.)
निदेशक (तकनीकी)



**एस पिरमनायगम**
निदेशक (वित्त)
(01 जनवरी, 2015 से)



**वी गुरुदत्त प्रसाद**
निदेशक (उत्पादन)
(10 सितंबर, 2015 से)

### स्थायी विशेष आमंत्रित



**वाइस एडमिरल पी मुरुगेशन**
अविसेमे, विसेमे
नौसेना उपाध्यक्ष
(31 मार्च, 2015 से)



**ले. जनरल सी ए कृष्णन**
उयुसेमे, अविसेमे
थल सेना उपाध्यक्ष
(01 मई, 2014 से)



**एअर मार्शल बी एस धनोए**
अविसेमे, युसेमे, विमे
वायुसेना उपाध्यक्ष
(01 जून, 2015)



**डॉ. के जयरामन**
उत्कृष्ट वैज्ञानिक एवं निदेशक, डी आर डी एल
(12 सितंबर, 2014 से)

### पूर्व निदेशक / स्थायी विशेष आमंत्रित



**जे रामकृष्ण राव**
संयुक्त सचिव (ई एस)
(06 अगस्त, 2015 तक)



**एस एन मंथा**
भूतपूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
(31 दिसंबर, 2014 तक)



**एस वी सुब्बा राव**
भूतपूर्व निदेशक (वित्त)
(31 दिसंबर, 2014 तक)



**ए के कपूर**
उत्कृष्ट वैज्ञानिक, डी आर डी ओ
(15 फरवरी, 2015 तक)

### पूर्व निदेशक / स्थायी विशेष आमंत्रित



**वाइस एडमिरल सुनिल लांबा**
अविसेमे, विसेमे
नौसेना उपाध्यक्ष
(30 मार्च, 2015 तक)



**एअर मार्शल आर के शर्मा**
पविसेमे, अविसेमे, विमे, एडीसी
वायुसेना उपाध्यक्ष
(31 मई, 2015 तक)

### कंपनी सचिव



**के वी एल एन मूर्ति**
(01 अगस्त, 2015 से)

### भूतपूर्व कंपनी सचिव



**एम लक्ष्मीनारायण**
(31 जुलाई, 2015 तक)

# बी डी एल के भूतपूर्व मुख्य कार्यपालक



**डॉ. बी डी नागचौधरी**
अध्यक्ष
22-09-1970 से 29-9-1975



**प्रो. एम जी के मेनन**
अध्यक्ष
29-9-1975 से 30-12-1977



**एवीएम बी एस नारायणन**
पविसेमे, अविसेमे, विसेमे (नि.)
अध्यक्ष
06-10-1978 से 01-04-1980



**डॉ. राजा रामन्ना**
अध्यक्ष
30-01-1981 से 30-08-1982



**डॉ. बी एस अरुणाचलम**
अध्यक्ष
30-08-1982 से 09-09-1990



**एवीएम एस जे दस्तूर (नि.)**
प्रबंध निदेशक
22-09-1970 से 10-04-1974



**ब्रिगेडियर जे पी अन्योनी (नि.)**
प्रबंध निदेशक
11-04-1974 से 31-08-1977



**विंग कमांडर वी एम चितले (नि.)**
प्रबंध निदेशक
01-09-1977 से 30-09-1980



**ज़ेड पी मार्शल**
प्रबंध निदेशक
01-10-1980 से 07-11-1988



**एयर कमाडोर आर गोपालस्वामी**
अविसेमे, विसेमे (नि.)
प्रबंध निदेशक (1988-90)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
10-09-1990 से 30-06-1994



**कमाडोर एस राव**
विसेमे (नि.)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
01-07-1994 से 08-01-2000



**एस गोविंदराजन**
स्थानापन्न अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
09-01-2000 से 31-08-2000



**वी वी गंगाधर राव**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
01-09-2000 से 30-06-2002



**जी वी वी वी शर्मा**
स्थानापन्न अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
01-07-2002 से 23-07-2002



**मेजर जनरल पी मोहनदास**
विसेमे (नि.)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
24-07-2002 से 27-04-2005



**मेजर जनरल रजनीश गोसाईं (नि.)**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
28-04-2005 से 30-04-2008



**कमाडोर पी के सामंता,**
विसेमे (नि.)
स्थानापन्न अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
01-05-2008 से 30-06-2008



**मेजर जनरल रवि खेतरपाल**
विसेमे (नि.)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
01-07-2008 से 31-03-2012



**एस एन मंथा**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
01-04-2012 से 31-12-2014

## लेखापरीक्षा समिति *

1. **श्री जे रामकृष्ण राव,** आई ए एस - अध्यक्ष
संयुक्त सचिव (ई एस), डीडीपी, रक्षा मंत्रालय
सरकार द्वारा मनोनीत निदेशक
2. **श्री आर जी विश्वनाथन,** आई ए अण्ड ए एस - सदस्य
अपर वित्त सलाहकार, संयुक्त सचिव (डीआरडीओ)
सरकार द्वारा मनोनीत निदेशक
3. **एवीएम एन बी सिंह,** अविसेमे, विसेमे (नि.) - सदस्य
निदेशक (तकनीकी)
4. **श्री एम लक्ष्मीनारायण** - सचिव
कंपनी सचिव

## Audit Committee *

1. **Shri J Rama Krishna Rao,** IAS - Chairman
Joint Secretary (ES), DDP, MoD
Government Nominee Director
2. **Shri RG Viswanathan,** IA & AS - Member
Addl. FA & JS (DRDO)
Government Nominee Director
3. **AVM NB Singh,** AVSM, VSM (Retd.) - Member
Director (Technical)
4. **Shri M Lakshmi Narayana** - Secretary
Company Secretary

## प्रधान कार्यपालक गण *

**डॉ. एन के राजू**
अधिशासी निदेशक (का. एवं प्रशा.)

**श्री बी शिव राम प्रसाद**
अधिशासी निदेशक (सैम)

**श्री अरूप कुमार माइती**
महाप्रबंधक (सं.वि.)

**श्री एन संपत कुमार**
महाप्रबंधक (सैम)

**श्री पी के दिवाकरन**
महाप्रबंधक (अग्नि-बड़ामाफी)

**श्री गुरुदत्त प्रसाद**
महाप्रबंधक (भानूर इकाई) (9 सितंबर, 2015 तक)

**श्री जी दत्तु कुमार**
महाप्रबंधक (आकाश - जी एस डी)

**श्री एन पी दिवाकर**
महाप्रबंधक (आकाश)

**श्री वी वेंकटेश्वर राव**
महाप्रबंधक (वित्त)

**श्री के दिवाकर**
महाप्रबंधक (एम अण्ड आर)

**श्री सी वी वी कुमार**
महाप्रबंधक (सेवाएँ - भानूर इकाई)

**श्री एम नीलकण्ठप्पा**
महाप्रबंधक (क.सं. एवं विश्रॉड)

**श्री रमेश**
महाप्रबंधक (विशाखापट्टणम इकाई)

**श्री के वेंकटेश्वर राव**
महाप्रबंधक (त.से.)

## Principal Executives *

**Dr. N K Raju**
Executive Director (P&A)

**Shri B Siva Rama Prasad**
Executive Director (SAM)

**Shri Arup Kumar Maiti**
General Manager (BD)

**Shri N Sampath Kumar**
General Manager (SAM)

**Shri PK Divakaran**
General Manager (AGNI – BM)

**Shri Gurudatta Prasad**
General Manager (BU) (Upto 9 Sept 2015)

**Shri G Dattu Kumar**
General Manager (AKASH – GSD)

**Shri NP Diwakar**
General Manager (AKASH)

**Shri V Venkateswara Rao**
General Manager (Finance)

**Shri K Diwakar**
General Manager (M&R)

**Shri CVV Kumar**
General Manager (Services – BU)

**Shri M Neelakantappa**
General Manager (ER & VSHORAD)

**Shri Ramesh**
General Manager (Vizag Unit)

**Shri K. Venkateswara Rao**
General Manager (TS)

## लेखापरीक्षक

**मेसर्स गर्रे अण्ड कंपनी**
चार्टर्ड अकाउण्टंट्स, हैदराबाद

## Auditors

**M/s. Garre & Co.**
Chartered Accountants, Hyderabad

* 31 मार्च, 2015 तक

*** As On 31 March, 2015**

## आंतरिक लेखापरीक्षक

मेसर्स एम भास्कर राव अण्ड कंपनी, चार्टर्ड अकाउण्टंट्स
मेसर्स डी वी रमण राव अण्ड कंपनी, चार्टर्ड अकाउण्टंट्स
मेसर्स राममूर्ति (एन) अण्ड कंपनी, चार्टर्ड अकाउण्टंट्स
मेसर्स नरसिंह राव अण्ड असोसिएट्स, चार्टर्ड अकाउण्टंट्स

## लागत लेखापरीक्षक

मेसर्स डी ज़ेड आर अण्ड कंपनी
लागत लेखाकार

## कर परामर्शदाता

बंसल अण्ड दवे
चार्टर्ड अकाउण्टंट्स

## विधि सलाहकार

श्री के श्रीनिवास मूर्ति
श्री डी रवि शंकर राव

## बैंकर्स

आंध्रा बैंक
भारतीय स्टेट बैंक
ऐक्सिस बैंक

## पंजीकृत कार्यालय

कंचनबाग पोस्ट
हैदराबाद-500058
तेलंगाना, भारत
ईपीएबीएक्स - 040-24587466 एवं 040-24587777
फैक्स - 040-24340464

## ई-मेल

bdlitd@bdlgov.in

## वेबसाइट

http://bdl.ap.nic.in

## Internal Auditors

**M/s. M. Bhaskara Rao & Co.,** Chartered Accountants
**M/s. D.V.Ramana Rao & Co.,** Chartered Accountants
**M/s. Ramamoorthy (N) & Co.,** Chartered Accountants
**M/s. Narasimha Rao & Associates,** Chartered Accountants

## Cost Auditors

**M/s DZR & Co.**
Cost Accountants

## Tax Consultant

**Bansal & Dave**
Chartered Accountants

## Legal Advisers

**Shri K Srinivas Murthy**
**Shri D Ravi Shankar Rao**

## Bankers

**Andhra Bank**
**State Bank of India**
**Axis Bank**

## Registered Office

**Kanchanbagh Post**
**Hyderabad – 500 058**
**Telangana, India**

**Epabx 040-24587466 & 040-24587777**
**Fax – 040 24340464**

## E-Mail

**bdlitd@bdlgov.in**

## Website

**http://bdl.ap.nic.in**



# दस वर्षों पर दृष्टिपात
# TEN YEARS AT A GLANCE

(₹ करोड़ Crore )

| विवरण Particulars | इकाई Units | 2014-15 | 2013-14 | 2012-13 | 2011-12 | 2010-11 | 2009-10 | 2008-09 | 2007-08 | 2006-07 | 2005-06 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिक्री Sales | ₹ Cr. | 2799.68 | 1779.89 | 1074.71 | 959.12 | 939.16 | 627.23 | 464.82 | 454.38 | 433.51 | 531.53 |
| निर्माणाधीन कार्य / संव्यवहाराधीन भण्डार में परिवर्तन Changes in WIP/SIT | ₹ Cr. | (29.63) | 24.60 | 100.81 | 33.82 | (28.18) | 4.38 | 58.24 | 51.47 | (47.67) | 2.75 |
| उत्पादन मूल्य Value of Production | ₹ Cr. | 2770.05 | 1804.49 | 1175.52 | 992.94 | 910.98 | 631.61 | 523.06 | 505.85 | 385.84 | 534.28 |
| सामग्री की खपत Material Consumption | ₹ Cr. | 1855.10 | 1226.01 | 779.57 | 633.53 | 580.14 | 438.01 | 364.84 | 351.99 | 239.89 | 329.01 |
| परिवर्द्धित मूल्य Value Added | ₹ Cr. | 914.95 | 578.48 | 395.95 | 359.41 | 330.84 | 193.60 | 158.22 | 153.86 | 145.95 | 205.27 |
| कर पूर्व लाभ Profit Before Tax | ₹ Cr. | 614.19 | 508.59 | 419.06 | 348.19 | 79.17 | 50.63 | 74.23 | 72.49 | 50.80 | 118.81 |
| कराधान के बाद लाभ Profit After Tax | ₹ Cr. | 418.57 | 345.51 | 288.40 | 234.96 | 51.70 | 33.77 | 47.67 | 47.65 | 32.74 | 76.72 |
| ईक्विटी Equity | ₹ Cr. | 115.00 | 115.00 | 115.00 | 115.00 | 115.00 | 115.00 | 115.00 | 115.00 | 115.00 | 115.00 |
| प्रारक्षित एवं अधिशिष्ट निधि Reserves & Surplus | ₹ Cr. | 1418.58 | 1102.97 | 838.30 | 617.38 | 437.05 | 412.08 | 405.13 | 384.37 | 363.62 | 357.79 |
| सकल निरुद्ध (पूँजीगत नि.का. छोड़कर) Gross Block(Excl.Cap.WIP) | ₹ Cr. | 940.04 | 834.56 | 711.55 | 604.24 | 488.08 | 461.20 | 403.42 | 376.49 | 359.09 * | 333.51 |
| सामग्री-सूची Inventory | ₹ Cr. | 1480.12 | 1382.51 | 1006.53 | 602.57 | 502.19 | 570.26 | 623.11 | 434.25 | 338.92 | 454.53 |
| ग्राह्य व्यापार Trade Receivables | ₹ Cr. | 865.72 | 398.81 | 281.55 | 88.39 | 45.15 | 33.58 | 8.95 | 21.54 | 19.51 | 13.87 |
| कार्यगत पूँजी Working Capital | ₹ Cr. | 908.28 | 812.68 $ | 614.58 | 458.97 | 370.66 # | 360.44 | 404.86 | 384.96 | 371.79 | 361.94 |
| नियोजित पूँजी Capital Employed | ₹ Cr. | 1302.14 | 1172.29 $ | 892.59 | 670.64 | 511.79 # | 503.66 | 508.81 | 478.59 | 458.15 * | 437.84 |
| निवल मालियत Net Worth | ₹ Cr. | 1533.37 | 1217.75 | 953.08 | 732.19 | 551.85 | 526.88 | 519.93 | 495.55 | 470.86 * | 457.09 |
| कर्मचारियों की संख्या Number of Employees | Nos. | 3183 | 3266 | 3300 | 3142 @ | 2897 | 2894 | 2788 | 2715 | 2742 | 2814 |
| कर्मचारी पर लागत Employee Costs | ₹ Cr. | 313.07 | 307.28 | 258.99 | 240.32 | 234.53 | 178.84 | 151.16 | 149.63 | 94.71 | 84.71 |
| पारिश्रमिक प्रति ₹ पर परिवर्द्धित मूल्य Value Added per ₹ of Wage | ₹ | 2.92 | 1.88 | 1.53 | 1.50 | 1.41 | 1.08 | 1.05 | 1.03 | 1.54 | 2.42 |
| परिवर्द्धित मूल्य प्रति कर्मचारी Value Added per Employee | ₹ Lakh | 28.74 | 17.71 | 12.00 | 11.44 @ | 11.42 | 6.69 | 5.67 | 5.67 | 5.32 | 7.29 |
| प्रति शेयर अर्जन (ई पी एस) Earnings per Share (EPS) | ₹ | 3640 | 3004 | 2508 | 2043 | 450 | 294 | 415 | 414 | 285 | 667 |

* वर्ष 2006-07 की स्थायी परिसंपत्तियों की अनुसूची के पुनर्समूहन के कारण वर्ष 2007-08 में पुनर्व्यवस्थीकरण किया गया.
Re-adjusted due to regrouping of Fixed Assets Schedule of 2006-07 in the year 2007-08.

# परिवर्द्धित अनुसूची-VI के अनुरूप लेखा प्रस्तुत करने के कारण वर्ष 2011-12 से पुनःसमायोजित.
Re-adjustment due to Presentation of Accounts as per Revised Schedule VI from 2011-12 onwards.

@ अस्थायी कर्मचारियों को समायोजित करने के लिए पुनर्व्यवस्थीकरण किया गया.
Re-adjusted to include temporary Employees.

$ वर्ष 2013-14 की चालू परिसंपत्तियों तथा चालू देयताओं के पुनर्समूहन के कारण वर्ष 2014-15 में पुनर्व्यवस्थीकरण किया गया.
Re-adjusted due to re-grouping of Current Assets and Current Liabilities of 2013-14 in 2014-15

# अनुक्रमणिका


| क्र.सं. | विवरण | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| 1. | निदेशकों का परिचय | 1 |
| 2. | अध्यक्ष की कलम से | 4 |
| 3. | निदेशक मंडल की रिपोर्ट | 12 |
| 4. | लेखा-नीति | 73 |
| 5. | तुलन-पत्र | 79 |
| 6. | लाभ-हानि लेखा | 80 |
| 7. | वित्तीय विवरणिकाओं की अंगभूत टिप्पणियाँ | 81 |
| 8. | नक़द प्राप्ति विवरण | 95 |
| 9. | स्वतंत्र लेखापरीक्षक रिपोर्ट | 96 |
| 10. | लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट का अनुलग्नक | 100 |
| 11. | भारत के नियंत्रक एवं महालेखाकार की टिप्पणी | 106 |

# निदेशकों का परिचय



**वी उदय भास्कर**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

श्री वी उदय भास्कर दि. 01 अगस्त, 2013 से बी डी एल के निदेशक मंडल में निदेशक (उत्पादन) के रूप में नियुक्त किये गये. इन्होंने प्लास्टिक टेकनोलॉजी में इंजीनियरिंग स्नातक तथा पॉलीमर साइंस टेकनोलॉजी में एम.टेक. की उपाधियाँ प्राप्त हैं.

श्री वी उदय भास्कर को इनवार, कांकूर्स-एम का देशीकरण, मिसाइल संयोजन, समाकलन व परीक्षण तथा विक्रेता विकास जैसे मिसाइल उत्पादन से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 23 से भी अधिक वर्ष का अनुभव प्राप्त है. श्री उदय भास्कर वर्ष 2010-11 के लिए ग्रुप / वैयक्तिक श्रेणी में गौरवपूर्ण 'रक्षा मंत्री नवोन्मेष पुरस्कार' से सम्मानित हैं.

मिसाइल टेकनोलॉजी के क्षेत्र में इनके विस्तृत अनुभव, प्रबंधन कौशल और व्यावसायिक क्षमताओं को देखते हुए इन्हें दि. 30 जनवरी, 2015 से बी डी एल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के पद पर नियुक्त किया गया.

श्रीमती कुसुम सिंह दिल्ली कॉलेज ऑफ इकनॉमिक्स से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त हैं. ये 1984 बैच की आई आर पी एस अधिकारी हैं. श्रीमती कुसुम सिंह ने रक्षा मंत्रालय के रक्षा उत्पादन विभाग में संयुक्त सचिव (कार्मिक एवं समन्वयन) / (ईएस) के पदभार से पहले रेल मंत्रालय में सी आर आई एस (रेल सूचना प्रणाली केंद्र) के विभिन्न पदों पर काम किया है.

श्रीमती कुसुम सिंह दि. 23 सितंबर, 2015 से बी डी एल के निदेशक मंडल में मनोनीत सरकारी निदेशक के रूप में नियुक्त हैं.



**कुसुम सिंह**
संयुक्त सचिव, रक्षा उत्पादन विभाग, रक्षा मंत्रालय



**आर जी विश्वनाथन**
अपर वित्त सलाहकार (आर अण्ड डी), डी आर डी ओ
संयुक्त सचिव, रक्षा मंत्रालय

श्री आर जी विश्वनाथन 1987 बैच के आई ए अण्ड ए एस अधिकारी हैं. ये वर्ष 2001 से 2006 के दौरान ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के वित्तीय सलाहकार रहे. इन्होंने नवंबर, 2006 से मई, 2011 तक लेखापरीक्षा, वैज्ञानिक विभाग, नई दिल्ली के प्रधान निदेशक का पदभार सँभाला. इनके इस पदभार के अंतर्गत भारत सरकार के सभी वैज्ञानिक मंत्रालय / विभागों की लेखापरीक्षा का दायित्व शामिल रहा. ये मार्च, 1998 से दिसंबर, 2001 तक लेखापरीक्षा के प्रधान निदेशक कार्यालय, भारतीय लेखापरीक्षा कार्यालय, लंदन के निदेशक भी रहे.

श्री आर जी विश्वनाथन दि. 15 जून, 2011 से बी डी एल के निदेशक मंडल में सरकारी निदेशक के रूप में शामिल हैं.

एअर वाइस मार्शल एन बी सिंह, अविसेमे, विसेमे (नि.) दि. 01 जनवरी, 1979 को भारतीय वायु सेना के एअरोनॉटिकल इंजीनियरिंग (इलेक्ट्रॉनिक्स) स्ट्रीम में कमीशन हुए थे. इन्होंने इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग के क्षेत्र में पढ़ाई की और इनका शैक्षणिक रिकॉर्ड उत्कृष्ट रहा. ये अधिकारी इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्यूनिकेशन इंजीनियर्स (एफ आई ई टी ई) के सदस्य हैं. इन्होंने भारतीय वायु सेना में अपने 35 साल के लंबे कार्यकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर उत्तरदायित्व का निर्वाह किया.



**एवीएम एन बी सिंह,**
अविसेमे, विसेमे (नि.)
निदेशक (तकनीकी)

एस डब्ल्यू ए सी मुख्यालय में वरिष्ठ अनुरक्षण स्टाफ अधिकारी के रूप में कार्य करते हुए इन्होंने लड़ाकू विमान तथा भू-उपकरणो की युद्धक प्रयोज्यता की दृष्टि से रखरखाव उपलब्धता में सुधार लाने का काम किया. ये, वायुसेना के युद्धाभ्यास 'आयरन फिस्ट-13' की योजना समूह के भी हिस्से रहे जो राष्ट्रपति, प्रधान मंत्री तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों सहित विदेशी राजनयिक सैन्य अधिकारियों की उपस्थिति और प्रशंसा का गवाह बना. इस सैन्य अभ्यास में भारतीय वायु सेना ने परिधि केंद्रित वातावरण के भीतर अपनी आक्रमण क्षमता दर्शायी थी. इनकी ऐसी ही विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति द्वारा इन्हें 26 जनवरी, 2013 को 'अति विशिष्ट सेवा मेडल' से सम्मानित किया गया.

एअर वाइस मार्शल एन बी सिंह, अविसेमे, विसेमे (नि.) ने दि. 01 अप्रैल, 2014 को भारत डायनामिक्स लिमिटेड में निदेशक (तकनीकी) के रूप में पदभार ग्रहण किया.

श्री एस पिरमनायगम विज्ञान में स्नातक एवं भारत के सनदी लेखाकार संस्थान के सहायक सदस्य हैं. बी डी एल में निदेशक (वित्त) का पदभार सँभालने से पूर्व ये बी ई एम एल के रेल एवं मेट्रो संव्यवहार के वित्तीय कार्यों के महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत रहे. इससे पूर्व इन्होंने बी डी एल के मध्य प्रबंधकीय कैडर में भी अपनी सेवाएँ दीं. लेखापरीक्षा, लेखा, वित्त और कराधान के क्षेत्र में इनका विस्तृत अनुभव है.

श्री पिरमनायगम दि. 01 जनवरी, 2015 से बी डी एल के निदेशक (वित्त) नियुक्त किये गये.



**एस पिरमनायगम**
निदेशक (वित्त)



**वी गुरुदत्त प्रसाद**
निदेशक (उत्पादन)

श्री वोलेटि गुरुदत्त प्रसाद ने दि. 10 सितंबर, 2015 से निदेशक (उत्पादन) के रूप में बी डी एल के निदेशक मंडल में पदभार ग्रहण किया. इस नियुक्ति से पहले ये बी डी एल, भानूर इकाई के प्रधान व महाप्रबंधक रहे. इन्होंने बेंगलूर विश्वविद्यालय से बी.टेक की उपाधि प्राप्त की है. साथ ही, इन्होंने जे एन टी यू, हैदराबाद से औद्योगिक इंजीनियरिंग एवं प्रबंधन में एम.टेक भी किया है.

श्री गुरुदत्त प्रसाद को मिसाइल उत्पादन से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में 30 से भी अधिक वर्ष का अनुभव प्राप्त है. इनमें सिस्टम इंजीनियरिंग, घटक उत्पादन, संयोजन और मिलान -2टी ए टी जी एम का एकीकरण तथा परीक्षण सुविधाएँ स्थापित करना आदि शामिल है. मिलान 2-टी ए टी जी एम के घटक, मशीन व परीक्षण उपकरणों के त्वरित देशीकरण में इनकी मुख्य भूमिका रही है.

# वार्षिक विवरण 2014 - 15
# अध्यक्ष की कलम से



**प्रिय सदस्य,**

मुझे वित्तीय वर्ष 2014-15 के लिए आपकी कंपनी की उपलब्धियाँ तथा वित्तीय विशेषताएँ तथा कंपनी की भावी योजनाओं के संबंध में आपको जानकारी देते हुए खुशी हो रही है.

## कार्यनिष्पादन की स्थिति :

(i) आपकी कंपनी ने अब तक का अत्यधिक बिक्री टर्नओवर ₹ 2799.68 करोड़ रुपये तथा ₹ 2770.05 करोड़ का उत्पादन मूल्य हासिल किया जो पिछले वर्ष की तुलना में क्रमशः 57% और 54% अधिक है.

(ii) वित्तीय दृष्टि से आपकी कंपनी ने लगातार लाभांश प्रदान करने का रिकॉर्ड हासिल किया है. पिछले वर्ष के 69 करोड़ की तुलना में इस वर्ष 83.71 करोड़ का लाभांश भुगतान किया गया.

## रिपोर्टाधीन वर्ष की मुख्य बातें :

(i) वर्ष के दौरान कंपनी ने अत्यधिक ए टी जी एम की बिक्री की. वर्ष के दौरान टैंकरोधी संचलित प्रक्षेपास्त्रों की बिक्री पिछले वर्ष की बिक्री से अधिक है.

(ii) कंपनी ने आकाश प्रभाग के लिए आई एस ओ 9001 : 2001 गुणता प्रबंधन प्रमाण-पत्र हासिल किया.

(iii) कंपनी ने मिसाइल के पुनर्सज्जीकरण एवं कार्यावधि विस्तार के क्षेत्र में भी बहुत अच्छा कार्य किया है.

(iv) कंपनी ने मई, 2015 में थल सेना अध्यक्ष की उपस्थिति में आकाश अस्त्र प्रणाली को उसके प्रयोक्ता भारतीय थल-सेना को सौंपा.




नई दिल्ली में संपन्न आकाश अस्त्र प्रणाली समावेशन समारोह में संबोधित करते हुए श्री वी उदय भास्कर, सी एम डी.

**भविष्य दृष्टि :**

(i) फिलहाल कंपनी के पास ₹ 16357 करोड़ के कार्य-आदेश हैं जिससे आने वाले वर्षों में उत्पादन शालाएँ व्यस्त बनी रहेंगी. साथ ही, भारत सरकार की 'मेक इन इंडिया' नीति कंपनी के लिए भी शुभदायी है.

(ii) अत: परियोजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए विनिर्माण लाइन स्थापित करने, विक्रेता आधार को विस्तार देने तथा प्रभावी परियोजना प्रबंधन प्रणाली तैयार करने के लिए आधारभूत ढाँचे को विभिन्न प्रांतों तक फैलाने की आवश्यकता महसूस की गई है.

(iii) इस वर्ष में आपकी कंपनी को क्यू आर सैम के उत्पादन एजेंसी के रूप में चुना गया है. एम आर सैम, एल आर सैम, विश्रॉड तथा स्पाइक परियोजनाएँ प्रक्रियाधीन हैं. अत: विभिन्न प्रांतों में अपनी विनिर्माण तथा भण्डारण सुविधाओं का विस्तार करना हमारी वर्तमान जरूरत बन गया है.

## पर्यावरण पहल :

कंपनी हमेशा की तरह पर्यावरण हितैषी रही है तथा अपनी सभी विनिर्माण इकाइयों में साफ-सुथरा व हरित पर्यावरण बनाये रखी है. संभावित क्षेत्रों में ऊर्जा संरक्षण उपाय अपनाये जा रहे हैं. कंपनी, पर्यावरण की सुरक्षा एवं अनुरक्षण के लिए निर्धारित सभी मानकों की पूर्ति के लिए तत्पर है.

## ग्राहकों के साथ नियमित संपर्क :

कंपनी, सेनाओं से प्राप्त माँग-पत्रों की आपूर्ति स्थिति तथा उनकी प्रगति का अनुवीक्षण करने के लिए प्रयोगकर्ताओं के साथ नियमित बैठकें आयोजित कर रही है. समय-समय पर, रक्षा मंत्रालय के तत्वावधान में भी बैठकें की जाती हैं. कंपनी ने सशस्त्र सेनाओं के लिए सामग्री आपूर्त करने की प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखी है.

## विक्रेता विकास :

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा विक्रेता विकास नीति के कार्यान्वयन की दृष्टि से निदेशक मंडल द्वारा समीक्षा की गई है. इस तरह की विक्रेता विकास नीति दीर्घावधि लक्ष्य प्राप्त करने के लिए आपूर्ति शृंखला के विकास में कंपनी को सहायता प्रदान करेगी. साथ ही, इससे नये विक्रेताओं की पहचान व इन्हें विकसित करने में भी पारदर्शिता आएगी. प्रशासनिक मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार कंपनी की आउटसोर्सिंग तथा विक्रेता विकास मैनुअल का नियमित रूप से समीक्षा व संशोधन किया जा रहा है.

## प्रौद्योगिकी :

कंपनी ने पहली पीढ़ी के टैंकरोधी संचलित प्रक्षेपास्त्र SS11B1 के विनिर्माण से अपनी यात्रा शुरू की थी. मूल उपकरण विनिर्माता (ओ ई एम), एअरोस्पेशियल, फ्राँस से प्राप्त प्रौद्योगिकी अंतरण को अपनाते हुए बी डी एल ने दूसरी पीढ़ी के ए टी जी एम टेकनॉलॉजी की ओर कदम बढ़ाया. बी डी एल ने यूरो मिसाइल, फ्राँस से मिलान-2, रूस से कांकूर्स जैसे ए टी जी एम को अपने बेड़े में शामिल कर लिया. इन मिसाइलों का दूसरी पीढ़ी से आगे के मिलान-2टी तथा कांकूर्स-एम तथा उच्च गति वाले लेजर बीम राइडर मिसाइल इनवार 3यूबीके 20 के रूप में परिवर्द्धित किया गया. ये सभी मिसाइलें ई आर ए युक्त टैंक को भेदने में सक्षम हैं. पृथ्वी, त्रिशूल, नाग, आकाश जैसी डी आर डी ओ की परियोजनाओं से कंपनी की टेकनॉलॉजी आमेलन क्षमताओं में और भी विकास हुआ है. ग्राहकों को जी एस डी सहित ए टी जी एम व अन्य मिसाइल की आपूर्ति कर बी डी एल ने भारतीय रक्षा बाजार में अपनी एक अलग पहचान बनायी है. संप्रति बी डी एल तृतीय एवं इससे आगे की पीढ़ी की टेकनॉलॉजी प्राप्त करने के द्वार तक पहुँच चुका है. बी डी एल विभिन्न प्रकार की मिसाइलों के पुनर्सज्जीकरण एवं कालावधि विस्तार के लिए एक नोडल एजेंसी के रूप में भी पहचाना गया है.

## नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व और सातत्यता विकास :

(ए) नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व कंपनी का एक जुड़ा हुआ हिस्सा माना जाता है. एक अच्छे नैगमिक संगठन के नाते बी डी एल सामाजिक एवं कल्याण संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पूरी पारदर्शिता एवं निष्ठा के साथ महती भूमिका निभा रहा है.

(बी) रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान कंपनी ने वृद्ध-जनों के लिए स्वास्थ्य संरक्षण, स्कूली बच्चों के लिए मध्याहृन भोजन, शुद्ध पेय-जल के अलावा ई - एस ए जी यू, शौचालयों के निर्माण, गंगा बचाओ निधि, स्वच्छ भारत कोश में योगदान जैसे नये कार्यक्रमों के आयोजन के लिए ₹ 416.65 करोड़ का खर्च किया.



माननीय रक्षा मंत्री श्री मनोहर पर्रिकर मेसर्स अक्षय पात्र फाउण्डेशन को प्रदत्त मध्याहृन भोजन वाहन को हरी झंड़ी दिखाकर रवाना करते हुए. इस अवसर पर उपस्थित श्री वी उदय भास्कर, सी एम डी तथा अन्य अधिकारी.

(सी) कंपनी ने अपनी सी एस आर गतिविधियाँ संपन्न करने के उद्‌देश्य से 'गाँव अपनाओ कार्यक्रम' के अंतर्गत तेलंगाना और आंध्र प्रदेश दोनों राज्यों में गाँवों की पहचान की है.

## पुरस्कार :

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान संबंधित कार्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन के लिए आपकी कंपनी तथा इसके सदस्यों को निम्नलिखित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है -

(i) वर्ष 2014 के लिए ग्रीन-टेक पर्यावरण पुरस्कार.




अध्यक्ष, ग्रीनटेक फाउण्डेशन से 15वाँ वार्षिक ग्रीनटेक पर्यावरण पुरस्कार-2014 प्राप्त करते हुए एवीएम एन बी सिंह, अविसे, विसेमे (नि.), निदेशक (तकनीकी).

(ii) गोल्डन पीकॉक पर्यावरण प्रबंधन पुरस्कार - 2015



श्री प्रकाश जावड़ेकर, माननीय केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री से गोल्डन पीकॉक पर्यावरण प्रबंधन पुरस्कार-2015 प्राप्त करते हुए श्री वी उदय भास्कर, सी एम डी.

(iii) उत्तम मानव संसाधन कार्य-नीति के लिए ग्रीनटेक एच आर अवार्ड-2015.

(iv) वर्ष 2013-14 के दौरान न.रा.का.स. (उपक्रम) के उत्कृष्ट कार्य के लिए इंदिरा गाँधी राजभाषा पुरस्कार.

(v) राष्ट्रीय क्वालिटी सर्कल उत्कृष्टता पुरस्कार - 2014.
(अक्तूबर, 2015 में दक्षिण कोरिया में संपन्न होने वाले क्वालिटी सर्कल संकल्पना पर अंतर्राष्ट्रीय कन्वेन्शन-2015 के लिए चयित टीम)

## नई उत्पादन सुविधाएँ :

(ए) भविष्य की परियोजनाओं के विस्तार को देखते हुए तेलंगाना राज्य के इब्राहिमपट्टणम में और महाराष्ट्र के अमरावती में भूमि-अधिग्रहण का कार्य संपन्न किया जा चुका है. साथ ही, अमरावती में चहारदीवारी बनाये जाने का काम चल रहा है. भारत सरकार के विभिन्न स्तरों पर प्रक्रियागत परियोजनाओं की आवश्यकताएँ पूरा करने के लिए इन प्रदेशों में इंफ्रास्ट्रक्चर तथा अन्य सुविधाएँ उपलब्ध करायी जानी अभी शेष है.

(बी) कंपनी की भावी आवश्यकताएँ पूरा करने आपकी कंपनी ने नई दिल्ली में कार्यालयी स्थल लिया है.

## नैगमिक अभिशासन :

(i) कंपनी में पेशेवर रुख तथा जवाबदेही तय करने के लिए सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं निष्पक्ष प्रशासनिक व्यवस्था कायम है. नैगमिक अभिशासन के संबंध में कंपनी का मुख्य उद्देश्य अपनी सभी गतिविधियों में पारदर्शिता सुनिश्चित करना, उचित प्रकटीकरण करना, कानून का अनुपालन करना, नैतिक मूल्य बनाये रखना तथा सभी स्टेकधारकों के हितों को ध्यान में रखना है.

(ii) सार्वजनिक उद्यमों के लिए डी पी ई, भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशानुसार प्रबंधन चर्चा एवं विश्लेषण रिपोर्ट, नैगमिक अभिशासन की रिपोर्ट तथा कार्यरत कंपनी सचिव द्वारा दिया गया अनुपालन संबंधी प्रमाण-पत्र निदेशक मंडल की रिपोर्ट के साथ संलग्न है.

(iii) डी पी ई दिशा-निर्देशानुसार नैगमिक अभिशासन के संबंध में त्रैमासिक एवं वार्षिक अनुपालन रिपोर्ट निर्धारित फार्मेट में रक्षा मंत्रालय को अग्रेषित की जा रही है.

(iv) कंपनी की गतिविधियों का अनुवीक्षण सांविधिक लेखापरीक्षक, भारत के नियंत्रक एवं महालेखाकार, केंद्रीय सतर्कता आयोग, रक्षा मंत्रालय (रक्षा उत्पादन विभाग) जैसी विभिन्न बाह्य एजेंसियों द्वारा किया जाता है.

## कंपनियों के कुलसचिव (आर ओ सी) / नैगमिक कार्य मंत्रालय (एम सी ए) के साथ ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक फाइलिंग :

कंपनी एमसीए-21 अभिशासन का पालन करती है. कंपनी अधिनियम, 2013 तथा उसके अंतर्गत बने नियमों के अधीन कंपनी के सभी प्रकार के फॉर्म एवं विवरणिकाएँ डिजीटल हस्ताक्षर सहित ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक पद्धति द्वारा फाइल की जा रही हैं. कंपनी का सी आई एन नंबर है - U24292TG1970GOI01353.

## सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 का कार्यान्वयन :

कंपनी, सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के प्रावधान का पालन कर रही है. इस अधिनियम के तहत आवेदकों द्वारा माँगी गयी जानकारी आर टी आई अधिनियम, 2005 के प्रावधानों के अनुरूप दी गई है.

## आभार-प्रदर्शन

मैं, हमारे प्रयोक्ता, संव्यवहार सहभागियों तथा भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालय, विशेषकर रक्षा मंत्रालय, रक्षा उत्पादन विभाग सहित तीनों सेनाओं द्वारा दिये गये सहयोग के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ. मैं, अमूल्य परामर्श और सहयोग के लिए कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षक मेसर्स गर्रे अण्ड कंपनी तथा वाणिज्यिक लेखापरीक्षक के प्रधान निदेशक और लेखापरीक्षा बोर्ड के पदेन सदस्य के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ. हमारे अधिकारी और कर्मचारियों की हर स्तर पर प्रतिबद्धता इस कंपनी की ताकत रही है. प्रबंधन के प्रत्येक क्षेत्र में सलाह व सहयोग के लिए मैं निदेशक मंडल के अपने साथियों को धन्यवाद देता हूँ. हमें इस ताकत को बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास करते रहना चाहिए ताकि भविष्य की चुनौतियों और विकास की गति को अनवरत रखा जा सके. अंत में, यही कहना चाहूँगा कि आपकी कंपनी भविष्य की सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार है जिससे इसका भविष्य उज्ज्वल बनेगा.

शुभकामनाओं सहित,

स्थान : हैदराबाद
तारीख : 27 जुलाई, 2015

**वी उदय भास्कर**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

# निदेशक मंडल की रिपोर्ट

प्रिय सदस्य,

आपके निदेशक 31 मार्च, 2015 को समाप्त वर्ष के लिए इस उद्यम के लेखा-परीक्षित लेखे सहित 45वाँ वार्षिक विवरण सहर्ष प्रस्तुत करते हैं.

## 2. परिचालन के मुख्य अंश :

2.1 रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान आपकी कंपनी ने ₹ 2799.68 करोड़ का बिक्री कारोबार हासिल किया है जो पिछले वर्ष की तुलना में 57% अधिक है.

2.2 बढ़ाई गई क्षमताओं का भरपूर उपयोग करते हुए पिछले वर्षों की तुलना में कांकूर्स-एम ए टी जी एम की अब तक की सर्वाधिक बिक्री हासिल की गई है.

## 3. कार्य-निष्पादन :

### 3.1 वित्तीय मामलों के संबंध में कंपनी के कार्य-निष्पादन का सार इस प्रकार है -

| विवरण | करोड़ रुपये में | | % वृद्धि / (अपवृद्धि) |
|---|---|---|---|
| | 2013-14 | 2014-15 | |
| बिक्री मूल्य | 1779.89 | 2799.68 | 57.29% |
| उत्पादन मूल्य | 1804.49 | 2770.05 | 53.51% |
| कराधान पूर्व लाभ | 508.59 | 614.19 | 20.76% |
| कराधान बाद लाभ | 345.51 | 418.57 | 21.15% |
| मल्य-वर्द्धन | 578.48 | 914.95 | 58.16% |

### 3.2 निम्नलिखित विवरण में कंपनी की वित्तीय स्थिति प्रदर्शित है -

| विवरण | करोड़ रुपये में | | % वृद्धि / (अपवृद्धि) |
|---|---|---|---|
| | 2013-14 | 2014-15 | |
| सकल निरुद्ध | 834.56 | 940.04 | 12.64% |
| मूल्यह्रास प्रारक्षण | 474.95 | 546.18 | 15.00% |
| निवल निरुद्ध | 359.61 | 393.86 | 9.52% |
| कार्यगत पूँजी | 812.68* | 908.28 | 11.76% |
| नियोजित पूँजी | 1172.29* | 1302.14 | 11.08% |
| निवल मालियत | 1217.75 | 1533.37 | 25.92% |

* वर्ष 2013-14 की चालू परिसंपत्तियाँ तथा चालू देयताओं के पुनर्समूहन के कारण समायोजित.

## 4. लाभांश एवं सामान्य प्रारक्षण में अंतरण :

4.1 आपकी कंपनी ने लगातार लाभांश प्रदान करने का रिकॉर्ड हासिल किया है. कंपनी ने अपने पूर्व रिकॉर्ड से आगे बढ़ते हुए वित्तीय वर्ष 2014-15 के लिए ₹ 83.71 करोड़ का लाभांश प्रदत्त किया. इस लाभांश में फरवरी, 2015 में प्रदत्त 48.90 करोड़ का अंतरिम लाभांश भी शामिल है. निदेशकगण ₹ 318.00 करोड़ की राशि सामान्य प्रारक्षण में अंतरित करने की सिफारिश भी करते हैं.



दि. 11 फरवरी, 2015 को माननीय रक्षा मंत्री श्री मनोहर पर्रिकर को वर्ष 2014-15 के लिए अंतरिम लाभांश चेक भेंट करते हुए श्री वी उदय भास्कर, सी एम डी. चित्र में हैं - श्री मोहन कुमार, सचिव, रक्षा उत्पादन, श्री जे रामकृष्ण राव, संयुक्त सचिव (ई एस), एवीएम एन बी सिंह, अविसेमे, विसेमे (नि.), निदेशक (तक.), श्री एस पिरमनायगम, निदेशक (वित्त) और श्री राधाकृष्णन, उप महाप्रबंधक (वित्त), संपर्क कार्यालय.

## 5. वित्त :

5.1 कुल प्रदत्त पूँजी 115.00 करोड़ रुपये ही रही. कंपनी की कुल परिसंपत्तियाँ (विशेष औज़ार और उपकरण सहित) ₹ 940.04 करोड़ की रहीं जो वर्ष 2013-14 की तुलना में ₹ 105.48 करोड़ अधिक है.

## 6. अनुबंध ज्ञापन प्रलेख की दृष्टि से कार्य-निष्पादन :

6.1 वर्ष 2013-14 में आपके उद्यम ने कार्य-निष्पादन में 'उत्कृष्ट' दर्जा प्राप्त किया. वर्ष 2014-15 के दौरान अनुबंध ज्ञापन प्रलेख के कार्य-निष्पादन के लिए भी 'उत्कृष्ट' दर्जा प्राप्त होने की संभावना है.

## 7. लागत में कमी :

7.1 रक्षा मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसरण में लागत में कमी को प्राथमिकता देते हुए इसके उपाय किए गए हैं. एक कार्यकारी निदेशक की अध्यक्षता में लागत में कमी पर उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है. वार्षिक लक्ष्य हासिल

करने में की गई प्रगति के अनुवीक्षण के लिए आवधिक अंतराल से पुनरीक्षण बैठकें आयोजित की जा रही हैं. रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान ₹ 62.29 करोड़ के निर्धारित लक्ष्य के प्रति लागत में कमी के तहत ₹ 64.12 करोड़ की बचत की गई है.

7.2 संभावित क्षेत्रों में ई-रिवर्स ऑक्शन लागू किया गया है जिससे अधिक प्रतिस्पर्धी कीमतें तथा सामग्री लागत में कमी लाने में सफलता मिली है. साथ ही, ऊर्जा ऑडिट के अंतर्गत ऊर्जा बचत के उपकरण भी प्रयोग किए जा रहे हैं. विभिन्न परियोजनाओं के लिए विक्रेताओं की संख्या बढ़ाने के सतत प्रयास भी जारी हैं जिनसे उम्मीद है कि सामग्री की लागत में कमी आएगी.

## 8. मितव्ययता :

8.1 व्यय प्रबंधन, मितव्ययता और व्यय के युक्तीकरण से संबंधित वित्त मंत्रालय के कार्यालय ज्ञापन के क्रम में कंपनी ने वर्ष 2014-15 के दौरान यात्रा व्यय, विज्ञापन तथा प्रचार-व्यय, नये वाहनों की खरीदी, संगोष्ठी एवं सम्मेलन का आयोजन, विनोद कार्यक्रम इत्यादि क्षेत्रों में राजकोषीय विवेक तथा मितव्ययता नीति अपनायी है.

8.2 ऊर्जा की खपत, चल एवं अचल ऊपरी व्यय तथा आकस्मिक व्यय की निरंतर समीक्षा कर इसे न्यूनतम रखा गया है.

## 9. आधुनिकीकरण एवं उन्नयन :

9.1 आधुनिकीकरण एवं उन्नयन कार्यक्रम के तहत ए टी जी एम एवं अन्य उत्पादों की उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाया जा रहा है. रोबोटिक वेल्डिंग मशीन, इलेक्ट्रोप्लेटिंग उत्पादन शृंखला में ऑटोमैटिक लोडिंग तथा प्रोग्रेस, उप-प्रणालियों का उष्णन तथा शीतलन का एकीकरण / ऑटोमैशन, डीप ड्राइंग प्रक्रिया की जगह फ्लो फार्मिंग के प्रयोग से भविष्य में सशस्त्र सेनाओं की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए वर्तमान क्षमताओं में वृद्धि संभव हो पायी है.

## 10. विदेश मुद्रा : अर्जन तथा व्यय :

10.1 वर्ष के दौरान ₹ 1.55 करोड़ की विदेश मुद्रा अर्जित की गई तथा ₹ 616.93 करोड़ मूल्य की विदेश मुद्रा का व्यय हुआ.

## 11. प्रदर्शनियाँ :

11.1 वर्ष 2014-15 के दौरान वरिष्ठ कार्यपालक तथा निदेशकों ने राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों में प्रतिभाग लिया है. इस तरह की प्रतिभागिता के परिणामस्वरूप आधुनिक टेकनोलॉजी का परिचय, अन्य विशेषज्ञों से चर्चा तथा ज्ञान-अंतरण का अवसर प्राप्त हुआ. साथ ही, अन्य देशों के पेविलियन की यात्रा से वहाँ उपलब्ध प्रणालियों की जानकारी मिली जिससे बी डी एल को भविष्य में अपने स्वयं की संव्यवहार योजनाएँ बनाने में मदद मिलेगी. बी डी एल ने वर्ष 2014-15

के दौरान निम्न प्रदर्शनियों में प्रतिभाग लिया :

- दि. 07 से 13 जनवरी, 2015 के दौरान अहमदाबाद में आयोजित वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल ट्रेड शो - 2015.
- दि. 18 से 22 फरवरी, 2015 के दौरान बेंगलूरु में आयोजित एअरो इंडिया - 2015.



बेंगलूरु में संपन्न एअरो इंडिया-2015 प्रदर्शनी में ले. जनरल फिलिप कंपोस, पविसेमे, अविसेमे, विसेमे, एडीसी, थल सेना उपाध्यक्ष को उत्पादों का परिचय देते हुए श्री वी उदय भास्कर, सी एम डी एवं एवीएम एन बी सिंह, अविसेमे, विसेमे (नि.), निदेशक (तकनीकी).

- दि. 14 से 17 अप्रैल, 2015 के दौरान ब्राज़िल में आयोजित एल ए ए डी - 2015 प्रदर्शनी.

## 12. निदेशक मंडल :

12.1 रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान निदेशक मंडल की सात बैठकें संपन्न हुई तथा वर्ष 2014-15 की आम सभा दि. 26 सितंबर, 2014 को संपन्न हुई.

12.2 श्रीमती कुसुम सिंह, संयुक्त सचिव, रक्षा उत्पादन विभाग के स्थान पर दि. 19 नवंबर, 2014 से श्री जे रामकृष्ण राव, आई ए एस, संयुक्त सचिव (ई एस), सरकारी निदेशक के रूप में नियुक्त हुए.

12.3 श्री एस पिरमनायगम, दि. 01 जनवरी, 2015 से निदेशक (वित्त) के पद पर नियुक्त किये गये.

12.4 श्री वी उदय भास्कर दि. 30 जनवरी, 2015 से बी डी एल के निदेशक मंडल में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के पद पर नियुक्त किये गये. इससे पूर्व श्री उदय भास्कर दि. 01 अगस्त, 2013 से निदेशक (उत्पादन) के पद पर कार्यरत थे.

12.5 श्री ए के कपूर, अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक का कार्यकाल दि. 15 फरवरी, 2015 को समाप्त हुआ. इससे पहले प्रो. आर के मिश्र, अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक तथा श्री के एल मेहरोत्रा, अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक का कार्यकाल दि. 07 मार्च, 2014 को समाप्त हुआ. इस प्रकार दि. 31 मार्च, 2015 तक तीन अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक पद रिक्त हैं.

## 13. मानव संसाधन विकास :

13.1 रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान कंपनी ने ज्ञानाधारित, विकासोन्मुख तथा आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जिनमें कंपनी के 1048 अधिकारी तथा 625 कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया है. कंपनी की वर्तमान तथा भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए ऐसे कार्यक्रम आंतरिक तथा बाह्य एजेंसियों द्वारा आयोजित किये जाते हैं.

13.2 आपकी कंपनी ने प्रबंधन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत आई आई एम, अहमदाबाद, बेंगलूरु, जमशेदपुर के एक्स एल आर आई जैसी प्रमुख संस्थाओं के माध्यम से 41 वरिष्ठ कार्यपालकों के लिए भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये.

13.3 कंपनी की संव्यवहार कार्य-नीति के तहत विदेशी ओ ई एम एवं भारतीय पार्टियों के साथ संयुक्त परियोजना की आवश्यकता पहचानते हुए निदेशक (वित्त) एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने दि. 16-18 फरवरी, 2015 के दौरान आई आई एम, बेंगलूरु में संयुक्त परियोजना पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग लिया.

13.4 मिसाइल टेकनोलॉजी पर प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए आपकी कंपनी लगातार डी आई ए टी, पुणे के लिए अधिकारियों को प्रायोजित करती आ रही है. साथ ही, कार्यपालकेतर वर्ग के कर्मचारियों के लिए कौशल प्रोन्नयन तथा इसके पुनःअधिप्रमाणन के लिए कार्यक्रम भी आयोजित किये हैं.

13.5 आपकी कंपनी ने प्रशिक्षित पेशेवर परियोजना प्रबंधकों का एक समुदाय बनाने की महत्वाकांक्षी परियोजना आरंभ की है. बी डी एल ने भारत में स्वयं परीक्षा केंद्र स्थापित कर, अक्तूबर, 2014 के दौरान पी एम पी की पेपर आधारित परीक्षा आयोजित की है. वर्ष 2014-15 के दौरान तीस कार्यपालकों में से बारह कार्यपालकों ने पी एम पी परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की.

## 14. औद्योगिक संबंध एवं कर्मचारी कल्याण :

14.1 आपकी कंपनी ने वर्ष के दौरान मान्यता प्राप्त तथा पंजीकृत ट्रेड यूनियन तथा असोसिएशन के साथ समता एवं मैत्रीपूर्ण औद्योगिक संबंध बनाये रखे हैं. कार्यकारी समिति, सुरक्षा समिति तथा कैंटीन समिति जैसी सांविधिक समिति एवं

संयंत्र स्तर की समितियों ने कार्य-स्थल के सभी स्तरों पर अनुशासन में सहयोग दिया है.

14.2 सांविधिक कल्याण प्रावधानों का अनुपालन ध्यानपूर्वक किया जा रहा है. कंपनी के विद्यालय शुल्क, कैंटीन भत्ता, यूनिफार्म, जूते जैसी गैर-सांविधिक सुविधाओं की उपलब्धता जारी रखी गई है. कंपनी बी डी एल चिकित्सा नियमों के तहत कर्मचारी तथा उनके आश्रितों की चिकित्सा ज़रूरतों का ध्यान रख रही है. डी पी ई दिशा-निर्देशानुसार कंपनी ने कार्यपालकों के लिए पेंशन योजना तैयार की है और कंपनी के कार्यपालक तथा कार्यपालकेतर वर्ग के कर्मचारियों के लिए सेवा-निवृत्ति उपरांत चिकित्सा सुविधा योजना भी बनायी है. इन योजनाओं को निदेशक मंडल का अनुमोदन मिल गया है.

## 15. निदेशकों के उत्तरदायित्व संबंधी विवरण :

15.1 कंपनी अधिनियम, 2013 की संशोधित धारा 134 (5) के अनुसार निदेशकों का कथन है कि -

(i) वार्षिक लेखे तैयार करने में लागू लेखा मानकों का अनुसरण, निगत सामग्री के उचित स्पष्टीकरण सहित किया गया है.

(ii) चयित लेखा-नीति का पालन नियमित रूप से किया जा रहा है तथा इस आधार पर लिये गये निर्णय एवं प्राक्कलन उचित हैं. इनसे वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर कंपनी की वास्तविक और स्पष्ट कार्य-पद्धति दृष्टिगोचर होती है तथा 31 मार्च, 2015 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी की लाभ-हानि भी परिलक्षित होती है.

(iii) कंपनी अधिनियम, 2013 के संशोधनों के प्रावधानानुसार लेखा अभिलेखों के उचित तथा पर्याप्त रखरखाव में सावधानी बरती गयी है ताकि कंपनी की परिसंपत्तियों को धोखाधड़ी व अन्य अनियमितताओं से बचाया जा सके.

(iv) वार्षिक लेखा चालू संबद्ध आधारों पर तैयार किये गये हैं.

(v) कंपनी ने लागू सभी कानून के प्रावधानों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणालियों का सृजन किया है और ये प्रणालियाँ पर्याप्त एवं प्रभावी हैं.

## 16. विदेश यात्राएँ

16.1 रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान कंपनी ने कार्मिकों के प्रशिक्षण तथा संव्यवहार यात्राओं के संबंध में विदेश यात्राओं पर रु.116.59 लाख खर्च किये.

## 17. सुरक्षा :

17.1 केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सी आई एस एफ) कंचनबाग तथा भानूर इकाइयों में सुरक्षा तथा अग्नि सेवाएँ प्रदान कर रहा है. विशाखापट्टणम इकाई में भी सी आई एस एफ के समावेशन के प्रयास किये जा रहे हैं. रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान सी आई एस एफ ने बी डी एल की संपत्ति की सुरक्षा एवं संरक्षण में अहम भूमिका निभाई है. सी आई एस एफ ने अति संवेदनशील स्थापना को सुरक्षित रखने के लिए भौतिक प्रयासों को प्रौद्योगिकी से जोड़ते हुए कड़े सुरक्षा उपाय अपनाये हैं.

17.2 आई बी दिशा-निर्देशों के कार्यान्वयन तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए संयंत्र सुरक्षा परिषद मौजूद है. कड़ी सुरक्षा के लिए नियमित रूप से प्रबंधन और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल द्वारा सुरक्षा समीक्षा की जाती है.

17.3 रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान ऑक्टोपस टीम सहित आई बी के अधिकारी, गृह मंत्रालय, एन एस जी टीम ने जोखिम संभावना मूल्यांकन के संबंध में बी डी एल, कंचनबाग का आवेक्षण किया.

17.4 अनधिकृत प्रवेश रोकने के लिए कार्ड स्वाइप करने के अतिरिक्त बायोमेट्रिक एक्सेस कंट्रोल सिस्टम बनाया गया है.

## 18. संरक्षा :

18.1 कंपनी, कर्मचारियों के अच्छे स्वास्थ्य व संरक्षा के लिए प्रयुक्त मानकों का कड़ा पालन कर रही है. कंपनी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए दो निगम समितियाँ कार्यरत हैं - औद्योगिक सुरक्षा समिति जो सांविधिक है और विस्फोटक संरक्षा समिति. सांविधिक आवश्यकताओं के अनुसार संरक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण परिस्थितियाँ नियंत्रित करने के लिए नियमित अंतराल पर संरक्षा समिति की बैठकें आयोजित की जाती हैं. विस्फोटक सुरक्षा के लिए उद्योग अधिनियम, 1948 का अनुपालन करते हुए तथा एस टी ई सी (विस्फोटक का भण्डारण एवं परिवहन समिति) के विनियमों का कड़ा पालन करते हुए कार्य किये जा रहे हैं.




राष्ट्रीय संरक्षा समारोह के अवसर पर दीप-प्रज्वलन करते हुए श्री बी एस प्रसाद, अधिशासी निदेशक (सैम) एवं फैक्टरी प्रबंधक. चित्र में हैं - श्री एन संपत कुमार, महाप्रबंधक (सैम), श्री श्रीनिवास, संरक्षा अधिकारी व अन्य.

18.2 रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान नई परियोजनाओं की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए संरक्षा इंजीनियरिंग विभाग ने महाप्रबंधक की अध्यक्षता में संरक्षा मैनुअल का पुनरीक्षण किया. साथ ही, सभी प्रभाग / विभाग में संरक्षा नीति एवं उद्देश्य निदर्शन बोर्ड लगाए गए.

18.3 अग्नि, विस्फोटक तथा पर्यावरण संरक्षा केंद्र (सी एफ ई ई एस), नई दिल्ली द्वारा वार्षिक विस्फोटक संरक्षा लेखापरीक्षा की जाती है और लेखापरीक्षा समिति के निरीक्षणों का अनुपालन किया जाता है. साथ ही, जोख़िम भरे क्षेत्रों में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए योग्य चिकित्सा अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षाएँ भी करवायी जाती हैं.

## 19. अनुसूचित जाति / जन-जाति के लिए पदों में आरक्षण तथा कुल मानव-शक्ति :

19.1 कंपनी, अनुसूचित जाति / जन-जाति के लिए पदों में आरक्षण के संबंध में सरकार द्वारा जारी राष्ट्रपति आदेशों का अनुपालन कर रही है.

19.2 कार्यकारी निदेशकों को मिलाकर दि. 31 मार्च, 2015 तक कंपनी में कार्यरत स्थायी कार्मिकों की संख्या 3180 रही और अस्थायी कर्मचारियों की संख्या 3 रही. इन कुल कार्मिकों में से 79 भूतपूर्व सैनिक, 591 अनुसूचित जाति तथा 212

अनुसूचित जन-जाति वर्ग के हैं. कर्मचारी वर्ग में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन-जाति का प्रतिशत क्रमश: 19.23% और 5.6% है जबकि अधिकारी वर्ग में यह प्रतिशत 16.82% और 9.43% है.

19.3 दि. 31 मार्च, 2015 तक अस्थायी कर्मचारियों की संख्या 3 रही जिनमें से 2 अनुसूचित जाति के और 1 अनुसूचित जन-जाति वर्ग का है. दि. 31 मार्च, 2015 तक कंपनी की विभिन्न श्रेणियों के पदों में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन-जाति का प्रतिनिधित्व निम्न प्रकार है -

| | | | कर्मचारियों की संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| श्रेणी | कुल संख्या | | अनुसूचित जाति | | अनुसूचित जन-जाति | |
| | 31-03-2014 | 31-03-2015 | 31-03-2014 | 31-03-2015 | 31-03-2014 | 31-03-2015 |
| ग्रुप-ए | 753 | 748 | 125 | 120 | 75 | 74 |
| ग्रुप-बी | 93 | 132 | 14 | 28 | 7 | 9 |
| ग्रुप-सी | 1901<br>184* | 1975<br>3* | 348<br>37* | 357<br>2* | 98<br>14* | 107<br>1* |
| ग्रुप-डी | 335 | 325 | 87 | 84 | 21 | 21 |
| कुल | **3266** | **3183** | **611** | **591** | **215** | **212** |

* अस्थायी कर्मचारी

19.4 वर्ष 2014-15 के दौरान अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन-जाति की भर्ती निम्न प्रकार रही -

| पदों का वर्गीकरण | कुल विमोचित रिक्तियाँ | कुल भर्ती | पदों का आरक्षण (कॉलम 2 में से) | | वर्ष 2014-15 में की गई भर्ती | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | | (5) | |
| | | | अ. जा. | अ. ज. जा. | अ. जा. | अ. ज. जा. |
| ग्रुप-ए | 2 | 22 | - | - | 02 | - |
| ग्रुप-बी | - | - | - | - | - | - |
| ग्रुप-सी | 13 | 183 | 03 | 02 | 36 | 13 |
| ग्रुप-डी | - | 01 | - | - | - | 01 |
| कुल | **15** | **206** | **3** | **2** | **38** | **14** |

## 20. महिलाओं का नियोजन :



दीप-प्रज्वलन कर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का शुभारंभ करते हुए श्री वी उदय भास्कर, सी एम डी. चित्र में हैं - श्री एस पिरमनायगम, निदेशक (वित्त), श्रीमती लता, अपर महाप्रबंधक (इनवार) और अन्य.

20.1 रक्षा मंत्रालय के दि. 27 अगस्त, 1999 के पत्र संख्या 39 (6)/99/डी (बी अण्ड सी) में उद्धृत निर्देशानुसार राष्ट्रीय महिला आयोग के वार्षिक विवरण 1995-96 की संख्या 51 के परिच्छेद (ii) (ए) की सिफारिशों के अनुसार महिला नियोजन

की स्थिति (प्रतिशत) निम्न प्रकार है -

## I. कार्यपालक

| ग्रेड | कुल | महिलाएँ | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| I | 132 | 21 | 15.90% |
| II | 226 | 38 | 16.81% |
| III | 147 | 18 | 12.24% |
| IV | 57 | 8 | 14.03% |
| V | 127 | 13 | 10.23% |
| VI | 142 | 1 | 0.70% |
| VII | 32 | 1 | 3.12% |
| VIII | 12 | 0 | 0 |
| IX | 2 | 0 | 0 |
| मुख्य सतर्कता अधिकारी (प्रतिनियुक्ति पर) | - | - | 0 |
| निदेशक | 2 | - | 0 |
| सी एम डी | 1 | - | 0 |
| कुल | **880** | **100** | **11.36%** |

## II. कार्यपालकेतर

| ग्रेड | कुल | महिलाएँ | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| वेज ग्रुप-1 | 111 | 13 | 11.71% |
| वेज ग्रुप-2 | 309 | 26 | 8.41% |
| वेज ग्रुप-3 | 266 | 43 | 16.16% |
| वेज ग्रुप-4 | 278 | 52 | 18.70% |
| वेज ग्रुप-5 | 168 | 21 | 12.50% |
| वेज ग्रुप-6 | 38 | 6 | 15.78% |
| वेज ग्रुप-7 | 139 | 8 | 5.75% |
| वेज ग्रुप-8 | 19 | 1 | 5.26% |
| वेज ग्रुप-9 | 62 | 3 | 4.83% |
| वेज ग्रुप-10 | 189 | 10 | 5.29% |
| वेज ग्रुप-11 | 139 | 21 | 15.10% |
| वेज ग्रुप-12 | 582 | 38 | 6.52% |
| अस्थायी | 3 | - | 0 |
| कुल | **2303** | **242** | **10.50%** |

## 21. दि. 31 मार्च, 2015 तक विकलांग कर्मचारी (कार्यपालक एवं कार्यपालकेतर) :

21.1 दि. 31 मार्च, 2015 तक कंपनी में 107 विकलांग कार्मिक कार्यरत रहे और अपंग कर्मचारियों का कुल प्रतिशत 3.36% रहा.

## 22. वार्षिक विवरणिका :

22.1 कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधान अनुसार कंपनी द्वारा रिपोर्टाधीन वर्ष की वार्षिक विवरणिका का सारांश प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है जिसे सारांश अनुलग्न-I के रूप में संलग्न किया गया है.

## 23. पर्यावरण और प्रदूषण नियंत्रण :

23.1 कंपनी, हरा-भरा वातावरण बनाये रखते हुए पर्यावरण के सभी पहलुओं की दृष्टि से लगातार सुधार कर रही है. अशुद्ध जल को शुद्ध कर अपशेष प्रबंधन, जल संरक्षण, वृक्षारोपण, फूल लगने वाले वृक्ष तथा बागवानी की गई है. कंपनी ने बी डी एल में व्याप्त विभिन्न प्रकार के प्रदूषण को रोकने के लिए कार्यकारी स्तर की समिति तथा स्टीरिंग समिति आदि का गठन किया है. ये समितियाँ समय-समय पर प्रदूषण नियंत्रण की स्थिति की समीक्षा कर रही हैं. निर्धारित अवधि में ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के उद्देश्य से पुराने डी जी सेट की जगह ध्वनिशोषक डी जी सेट लगवाए जाने की प्रक्रिया जारी है.

## 24. गुणता :

24.1 बी डी एल एकल प्रयुक्त उत्पादों का विनिर्माण करता है. ये उत्पाद कड़े गुणता मानक तथा उच्च विश्वसनीयता की माँग करते हैं. इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए बी डी एल ने पिछले 19 वर्ष से आई एस ओ प्रमाण-पत्र प्राप्त कर इस दिशा में अंतरराष्ट्रीय गुणता प्रबंधन प्रणाली की नीतियाँ अपनायी हैं. रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान भानूर इकाई, सीपी-आई जी एम पी, आई टी डी, इलेक्ट्रॉनिक्स प्रभाग एवं डी अण्ड ई प्रभाग को आई एस ओ 9001 : 2008 गुणता प्रबंधन प्रणाली मानकों से प्रमाणित किया गया है. साथ ही, आकाश प्रभाग ने आई एस ओ 9001 : 2008 गुणता प्रबंधन प्रणाली पत्र भी प्राप्त किया है जिससे प्रयोक्ताओं का विश्वास बढ़ गया है. आगे, कंपनी ने ए एस 9100 सी एअरोस्पेस गुणता प्रबंधन प्रणाली भी कार्यान्वित करते हुए मिलान प्रभाग में आई ए क्यू जी आवश्यकताओं को लागू किया है. भानूर इकाई के इलेक्ट्रॉनिक लैब को आई एस ओ / आई ई सी 17025 : 2005 (एन ए बी एल) का प्रमाणन प्राप्त हुआ है.



दि. 03 फरवरी, 2015 को भानूर इकाई संबंधी एन ए बी एल एक्रिडीएशन प्रमाण-पत्र प्राप्त करते हुए श्री वी गुरुदत्त प्रसाद, महाप्रबंधक (भानूर इकाई).

## 25. निर्यात :

25.1 बी डी एल ने वर्ष 2014 -15 के दौरान किसी प्रकार के निर्यात आदेश का कार्यान्वियन नहीं किया है.

## 26. भावी योजना :

26.1 भारतीय सशस्त्र सेनाओं द्वारा आरंभ किये गये आधुनिकीकरण कार्यक्रम के क्रम में कंपनी का भावी समय उत्साहवर्धक प्रतीत होता है. विश्रॉड, एस आर सैम जैसे अधिग्रहण कार्यक्रमों के लिए बी डी एल की पहचान मुख्य एकीकर्ता के रूप में की गई है. बी डी एल तीसरी पीढ़ी के प्रोन्नत ए टी जी एम के लिए भी मुख्य एकीकर्ता है. ये परियोजनाएँ भारत सरकार के अनुमोदन के विभिन्न स्तरों पर प्रक्रियागत हैं. उपर्युक्त भावी योजना को देखते हुए कंपनी का भविष्य सुखद दिखाई देता है. तथापि, रक्षा अधिग्रहण के सभी क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धा बढ़ाने की सरकारी नीति को ध्यान में रखते हुए बी डी एल को इस बात की जानकारी है कि इसकी मनोनीत उत्पादन एजेंसी स्थिति क्रमशः प्रतिस्पर्धात्मक बिडर का रूप लेती जा रही है. इन सब बदलावों को देखते हुए कंपन को भविष्य में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए.

## 27. आंतरिक नियंत्रण प्रणाली तथा उनकी पर्याप्तता :

27.1 कंपनी ने सभी प्रकार के आंतरिक नियंत्रणों तथा प्रणालियों के वित्तीय औचित्य के सभी मापदंडों को बेहतर बनाने की व्यवस्था की है. बाह्य लेखापरीक्षक फर्म को इनकी पर्याप्तता तथा रिपोर्ट को सुनिश्चित करने के लिए नियुक्त किया गया है. बी डी एल के आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग तथा आंतरिक लेखा फर्म की रिपोर्टों का विस्तृत विश्लेषण लेखापरीक्षक समिति के समक्ष समीक्षा एवं सलाह के लिए प्रस्तुत किया गया. सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा लेखापरीक्षा रिपोर्ट में आंतरिक नियंत्रण प्रक्रियाओं की पर्याप्तता की समीक्षा कर रिपोर्ट दी गई है. सरकारी कंपनी होने के नाते बी डी एल के लिए सरकारी लेखापरीक्षा भी आवश्यक है.

## 28. राजभाषा कार्यान्वयन :

28.1 राजभाषा अधिनियम, 1963 (यथा संशोधित 1967) और इनके अंतर्गत बनाए गए राजभाषा नियमों का समुचित रूप से कार्यान्वयन किया जा रहा है. सी एम डी की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाती हैं और राजभाषा प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्टें संबंधित प्राधिकारी को समय पर भेजी जा रही हैं. सतर्कता जागरूकता सप्ताह, राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह, अग्नि संरक्षा सप्ताह, पर्यावरण सप्ताह एवं स्वच्छ भारत अभियान के अवसर पर अधिक से अधिक कर्मचारियों को इसमें शामिल करने तथा इन विषयों के प्रति उन्हें जागरूक करने के लिए हिंदी, अंग्रेज़ी एवं तेलुगु में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं.

28.2 भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार कंपनी की वेबसाइट हिंदी में तैयार कर समय-समय पर इसका अद्यतन किया जा रहा है. टॉलिक के उत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन के लिए कंपनी के भूतपूर्व सी एम डी एवं टॉलिक के अध्यक्ष श्री एस एन मंथा ने रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान 'ग' क्षेत्र में तृतीय पुरस्कार के रूप में माननीय राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी से इंदिरा गाँधी राजभाषा शील्ड प्राप्त की. साथ ही, कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा) एवं टॉलिक (उ) के सदस्य सचिव को भी इसी वर्ष के लिए राष्ट्रपति महोदय ने उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया.




भारत के माननीय राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी से नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम) के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए इंदिरा गाँधी राजभाषा पुरस्कार ग्रहण करते हुए श्री एस एन मंथा, भूतपूर्व सी एम डी.

28.3 राजभाषा अधिनियम, 1963 तथा राष्ट्रपति आदेशों के तहत संसद के सामने प्रस्तुत किये जाने वाले कागजात, कंपनी का वार्षिक विवरण, रक्षा मंत्रालय के साथ अनुबंध ज्ञापन प्रलेख आदि द्विभाषी रूप में तैयार कर प्रस्तुत किये गये.

## 29. प्रौद्योगिकी संरक्षण एवं नवीकरण ऊर्जा विकास :

29.1 उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधित उपयोग द्वारा विकास प्रक्रिया को पर्यावरण हितैषी पद्धति से आगे बढ़ाने के लिए सतत विकास, राष्ट्रीय प्राथमिकता बन गया है. बी डी एल द्वारा अपनायी जा रही सतत् विकास कार्यान्वयन की कठोर पद्धतियों को ध्यान में रखते हुए ऊर्जा क्षमता के विकास द्वारा ऊर्जा संरक्षण के लिए विभिन्न कार्यक्रम आरंभ किये गये हैं.

29.2 सौर ऊर्जा, महत्वपूर्ण नवीकरण ऊर्जा स्रोतों में से एक है जो पिछले कुछ दिनों से लोकप्रिय बन गया है. सौर ऊर्जा शुद्ध एवं उत्सर्जनमुक्त होता है. यह प्रकृति के लिए हानिकारक प्रदूषक या उपजात पैदा नहीं करता. अतः यह पर्यावरणहितैषी भी है. इसे ध्यान में रखते हुए कपनी ने कंचनबाग कांप्लेक्स में वर्ष 2014-15 से 2015-16 की अवधि के दौरान 200 किलावाट का ग्रिड टाईड सोलार पीवी पॉवर प्लांट स्थाति करने का प्रस्ताव रखा है.

29.3 ए सी प्रणालियों के शीतलीकरण तथा वाटर सर्क्यूट के निर्माण के लिए स्थापित जल शुद्धीकरण प्रणाली की स्थापना से ए सी संयंत्र की क्षमता में वृद्धि हुई है.

29.4 पर्यावरण परिरक्षण हमारे राष्ट्र द्वारा शताब्दी विकास लक्ष्य है. राष्ट्र के इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए बी डी एल लगातार वृक्षारोपण तथा वर्षा जल संचयन जैसे विकासात्मक कदम निरंतर उठा रहा है ताकि भू-जल के स्तर में बढ़ोत्तरी हो सके. सोलार स्ट्रीट लाइट जैसी ऊर्जा प्रणालियों को अपना कर कार्बन-उत्सर्जन कम करने का प्रास किया गया है. सातत्यता विकास कार्यक्रम एक निरंतर प्रक्रिया है और पर्यावरण सातत्यता प्राप्त करने के लिए बी डी एल इसे अपने दैनंदिन का अंग बनाने में लगा है.

## 30. नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व और सातत्यता विकास :

30.1 रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान कंपनी ने स्वास्थ्य संरक्षण, मध्याहृन भोजन, सुरक्षित पेयजल एवं बायो टॉयलेट, ई - एस ए जी यू, स्वच्छ भारत कोष, शुद्ध गंगा निधि के तहत शौचालयों का निर्माण जैसी कई गतिविधियों के लिए ₹ 416.65 लाख की राशि खर्च की है. प्रधानमंत्री कार्यक्रम के तहत कंपनी ने स्वच्छ भारत कोष एवं शुद्ध गंगा निधि के तहत अपनी सी एस आर गतिविधियों के लिए भी अंशदान दिया है.

30.2 रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान कंपनी ने सातत्यता विकास के तहत सोलार लाइटिंग, ऊर्जा ऑडिट सिफारिशों के आधार पर गतिविधियों के कार्यान्वयन के लिए व्यय किया है.

30.3 कंपनी ने तेलंगाना एवं आंध्र प्रदेश राज्यों में गाँव अपनाने के लिए कुछ गाँवों की पहचान की है. इसी तरह स्वच्छ भारत कोष के तहत तेलंगाना एवं आंध्र प्रदेश राज्यों के सरकारी स्कूलों में 175 शौचालयों के निर्माण का कार्य भी शुरू किया गया है.

30.4 कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानानुसार कंपनी द्वारा अपने तुरंत पूर्ववर्ती तीन वित्तीय वर्षों के दौरान प्राप्त औसतन निवल लाभ में से हर वित्तीय वर्ष में 2% की राशि सी एस आर गतिविधियों पर खर्च किया जाना चाहिए. इस संदर्भ में अधिशासी निदेशक (का. एवं प्रशा.) की अध्यक्षता में बोर्ड से निचले स्तर की समिति कंपनी द्वारा की जा रही गतिविधियों का अनुवीक्षण करती है तथा आवधिक अंतराल पर बैठकें बुलायी जाती हैं. तथापि, कंपनी द्वारा निर्धारित रु. 8.51 करोड़ की राशि में से केवल रु. 4.17 करोड़ की राशि ही खर्च की जा सकी है. रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान कंपनी ने सी एस आर गतिविधियों के लिए आबंटित कुल रु. 8.51 करोड़ की राशि i) आर ओ प्लांट लगा कर ii) 100 केवी सोलार पॉवर प्लांट iii) बायो टॉयलेट iv) सरकारी स्कूलों में शौचालय निर्माण इत्यादि कर व्यय करने की योजना बनायी है. इन परियोजनाओं के वित्तीय वर्ष 2014-15 में पूर्ण नहीं हो पाने से यह राशि पूरी तरह से खर्च नहीं हो पायी है.



**कंचनबाग कांप्लेक्स में आर ओ संयंत्र का शुभारंभ करते हुए श्री वी उदय भास्कर, सी एम डी. चित्र में हैं - श्री एस पिरमनायगम, निदेशक (वित्त), डॉ. एन के राजू, अधिशासी निदेश (का. एवं प्रशा.) तथा अन्य.**

## 31. सतर्कता :

31.1 दि. 27 अक्तूबर, 2014 को अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने निगम कार्यालय में सतर्कता शपथ दिलायी जिसका सभी इकाइयों में सीधा प्रसारण किया गया. तेलंगाना एवं आंध्र प्रदेश राज्यों के उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति श्री के सी भानू ने मुख्य अतिथि के रूप में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्‌घाटन किया. सतर्कता सप्ताह के लिए मुख्य उद्‌देश्य 'प्रौद्योगिकी के सहारे भ्रष्टाचार पर वार' रहा. भानूर इकाई में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्‌घाटन श्री सी एस आर प्रभू, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान के निवृत्त डी जी ने दि. 29 अक्तूबर, 2014 को किया तथा वर्ष के उद्‌देश्य को लेकर अतिथि संबोधन भी दिया.



सतर्कता कंपेंडियम-2014 का विमोचन करते हुए तेलंगाना एवं आंध्र प्रदेश राज्यों के उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति श्री के सी भानू. चित्र में हैं - श्री एस एन मंथा, भूतपूर्व सी एम डी, श्री एस वी सुब्बा राव, भूतपूर्व निदेशक (वित्त), श्री वी उदय भास्कर, निदेशक (उत्पादन), एवीएम एन बी सिंह, अविसेमे, विसेमे (नि.), निदेशक (तकनीकी) और श्री एम ईश्वर, मुख्य सतर्कता अधिकारी व अन्य.

31.2 दि. 31 अक्तूबर, 2014 को आयोजित समापन समारोह में डॉ. जयप्रकाश नारायण, आई ए एस (नि.) मुख्य अतिथि रहे. इन्होंने भी इस वर्ष के उद्‌देश्य पर अपना वक्तव्य दिया.

31.3 सतर्कता विभाग का मुख्य उद्‌देश्य निदानात्मक / अनुकूल क्रियात्मक सतर्कता है. इसे ध्यान में रखते हुए सतर्कता विभाग के क्रियाकलाप, की जाने वाली गतिविधियों में विकासात्मक परिणामों को सूचित करते हैं. तदनुसार, प्रबंधन के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है.

31.4 रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान उपस्थिति प्रणाली, अस्थायी कर्मचारियों का आमेलन, विदेश यात्रा, कर्मचारियों को नकद पुरस्कार, विभागीय पदोन्नतियों की प्रणाली में परिवर्द्धन के लिए प्रबंधन को सुझाव दिए गए. विदेशी दौरों पर प्रतिनियुक्त किये जाने वाले कार्यपालकों को सतर्कता अनापत्ति दिये जाने संबंधी प्रणाली परिवर्द्धन के भी सुझाव दिए गए. तदनुसार, प्रबंधन ने कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति के संबंध में दिशा-निर्देश जारी करते हुए इसके सख़्त अनुपालन का आदेश भी जारी किया गया.

## 32. लेखापरीक्षा समिति :

32.1 बेहतर नैगमिक अभिशासन के लिए एक लेखापरीक्षा समिति का गठन किया गया था. लेखा-कार्य के साथ-साथ आंतरिक नियंत्रण प्रणाली तथा उनकी पर्याप्तता की समीक्षा के लिए वर्ष के दौरान छः बैठकें बुलायी गयीं. गठन के विवरण, विचारार्थ विषय इत्यादि इस रिपोर्ट के साथ संलग्न नैगमिक अभिशासन रिपोर्ट (अनुलग्नक-III) में बताये जाते हैं.

## 33. सी ई ओ / सी एफ ओ प्रमाणन :

33.1 डी पी ई के दिशा-निर्देशों की ज़रूरत के अनुरूप सी ई ओ / सी एफ ओ प्रमाण-पत्र प्राप्त कर लेखापरीक्षा समिति एवं निदेशक मंडल के समक्ष प्रस्तुत किया गया.

## 34. नैगमिक अभिशासन :

34.1 नैगमिक अभिशासन, उत्तम प्रबंधन का निर्वहन, कानून का अनुपालन और नैतिक मूल्यों के पालन से संबंधित है ताकि कंपनी के प्रमुख उद्देश्य शेयर-धारकों की मूल्य-वृद्धि एवं सामाजिक दायित्व का निर्वाह हो सके.

34.2 कंपनी में पेशेवर रुख तथा जवाबदेही तय करने के लिए सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं निष्पक्ष प्रशासनिक व्यवस्था क़ायम है.

34.3 सी पी एस ई के नैगमिक अभिशासन के संबंध में दि. 14 मई, 2010 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 18 (8)/2005-जीएम के तहत डी पी ई द्वारा जारी दिशा-निर्देशानुसार, प्रबंधन चर्चा एवं विश्लेषण रिपोर्ट (अनुलग्नक-II), नैगमिक अभिशासन पर रिपोर्ट (अनुलग्नक-III) तथा कार्यरत कंपनी सचिव द्वारा कंपनी में नैगमिक अभिशासन की स्थिति पर दिया गया नैगमिक अभिशासन की शर्तों के अनुपालन संबंधी प्रमाण-पत्र (अनुलग्नक-IV) निदेशक रिपोर्ट के साथ संलग्न किया गया है.

34.4 नैगमिक अभिशासन की त्रैमासिक एवं वार्षिक अनुपालन रिपोर्ट निर्धारित फार्मेट में रक्षा मंत्रालय को अग्रेषित की जा रही है.

## 35. लेखापरीक्षक :

35.1 भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक ने मेसर्स लक्ष्मीनिवास नीठ अण्ड कंपनी, चार्टर्ड अकाउण्टंट्स, हैदराबाद को वित्तीय वर्ष 2014-15 के लिए कंपनी के लेखापरीक्षकों के रूप में नियुक्त किया. बाद में उस फर्म का नाम मेसर्स गर्रे अण्ड कंपनी में बदल दिया गया है.

## 36. स्वतंत्र निदेशक द्वारा घोषणा-पत्र :

36.1 सार्वजनिक उद्यम विभाग ने निगम अभिशासन-2010 पर दिशानिर्देश जारी किये. इसमें सी पी एस ई के निदेशक मंडल का गठन बताता है कि सार्वजनिक उद्यम बोर्ड में कार्यकारी निदेशक, सरकारी निदेशक और अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक (स्वतंत्र निदेशक) शामिल होते हैं. भारत डायनामिक्स लिमिटेड के निदेशक मंडल में दि. 31 मार्च, 2015 तक तीन कार्यकारी निदेशक, दो सरकारी निदेशक मौजूद हैं. कोई अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक (स्वतंत्र निदेशक) नहीं है. दो अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशकों का कार्यकाल 07 मार्च, 2015 को समाप्त हुआ तथा एक और अंशकालिक गैर-सरकारी

निदेशक का कार्यकाल 15 फरवरी, 2014 को. नये अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशकों की नियुक्ति के संबंध में कंपनी ने इसकी काफी पहले ही पहल कर दी थी. यद्यपि, इस संबंध में अभी सूचना प्राप्त होना शेष है. अतः रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानानुसार कंपनी स्वतंत्र निदेशक की घोषणा प्राप्त नहीं कर पायी है.

## 37. कंपनी की आपदा प्रबंधन नीति का अनुपालन :

37.1 सी पी एस ई-2010 के लिए नैगमिक अभिशासन पर डी पी ई दिशा-निर्देश में बताया गया है कि कंपनी का निदेशक मंडल तथा परिचालन उद्देश्यों के साथ आपदा प्रबंधन प्रणाली की एकता तथा मिलान सुनिश्चित करें. यह भी कहा गया है कि आपदा प्रबंधन को सामान्य संव्यवहार के अंग के रूप में लिया जाता है न कि समय-समय पर स्थापित एक अलग कार्यक्रम के रूप में.

37.2 उपर्युक्त दिशा-निर्देशों के अनुपालन में आपकी कंपनी द्वारा कंपनी की आपदा प्रबंधन नीति बनायी गयी जो कंपनी के सभी स्तर के लिए तथा सभी इकाइयों के लिए समान रूप से लागू है. आपदा प्रबंधन नीति के उद्देश्यों में से यह सुनिश्चित करना भी एक उद्देश्य है कि कंपनी के सभी वर्तमान तथा भविष्य आपदा क्षेत्रों की पहचान कर, उसका मूल्यांकन एवं गुणीबद्ध कर लगभग उन्हें खत्म कर दिया गया और उनका प्रबंधन भी कर दिया गया.

37.3 रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान निदेशक मंडल के अनुमोदनोपरांत आपदा प्रबंधन का विस्तृत प्रचार किया गया. आपदा की वर्तमान स्थिति तथा उन्हें पहचान कर उन्हें मिटाने के मानक तैयार करने तथा उन मानकों के मूल्यांकन के लिए प्रत्येक विभाग द्वारा प्रभागीय स्तर की समितियाँ गठित की गईं. इस संबंध में आवधिक समीक्षा बैठकें आयोजित की जाती हैं और हर छमाही में यह रिपोर्ट निदेशक मंडल के समक्ष प्रस्तुत की जाती है.

## 38. कार्य-स्थल पर महिला यौन उत्पीड़न (निवारण, निषेध एवं समाधान) अधिनियम, 2013 के तहत प्रकटीकरण :

38.1 कार्य-स्थल पर महिला यौन उत्पीड़न (निवारण, निषेध एवं समाधान) अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुपालन में उक्त अधिनियम की आवश्यकताओं के क्रम में कंपनी ने "यौन उत्पीड़न विरोधी नीति" लागू की है. रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान किसी प्रकार की कोई यौन उत्पीड़न संबंधी शिकायत प्राप्त नहीं हुई.

## 39. भारत के नियंत्रक एवं महालेखाकार की टिप्पणी :

39.1 कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (5) के अधीन कंपनी के लेखाओं पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखाकार (सी ए जी) की 31 मार्च, 2015 को समाप्त लेखाओं पर टिप्पणी इस रिपोर्ट के साथ संलग्न की गई है.

## आभार प्रदर्शन

सभी सरकारी एजेंसी विशेषकर रक्षा मंत्रालय, रक्षा उत्पादन विभाग, डी आर डी ओ प्रयोगशालाएँ, केंद्रीय सरकार के विभाग, आंध्र प्रदेश सरकार, भारत सरकार की गुणता आश्वासन एजेंसियाँ तथा सार्वजनिक उपक्रमों के द्वारा समय-समय पर प्राप्त सहयोग के लिए निदेशकगण आभार व्यक्त करता है.

निदेशक, अपनी कंपनी के कर्मचारियों द्वारा कंपनी को प्रगति पथ पर ले जाने तथा इस विकास को आने वाले वर्षों में बनाये रखने के लिए वर्ष के दौरान किये गये प्रयासों की प्रशंसा अपने अभिलेखों में अभिलिखित करते हैं.

निदेशक मंडल, श्रीमती कुसुम सिंह, संयुक्त निदेशक को अपने सेवा-काल के दौरान दी गई अमूल्य सलाह के लिए धन्यवाद ज्ञापित करता है. दि. 15 फरवरी, 2015 को सेवा-काल पूरा करने वाले अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक श्री ए के कपूर के अपने सेवाकाल के दौरान कंपनी के विकास के लिए दिये सहयोग तथा सुझावों को निदेशक मंडल कंपनी के अभिलेखों में अभिलिखित करता है.

निदेशक मंडल की ओर से तथा निदेशक मंडल के लिए,

स्थान : हैदराबाद
तारीख : 27 जुलाई, 2015

**वी उदय भास्कर**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

अनुलग्नक-I

# प्रपत्र संख्या एम जी टी - 9

**31 मार्च, 2015 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक विवरण का सार**
(कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 92 (3) तथा कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमावली के नियम 12 (1) के क्रम में)

## I. पंजीकरण व अन्य विवरण

i) सी आई एन : U24292TG1970GOI001353

ii) पंजीकरण तिथि : 16 जुलाई, 1970

iii) कंपनी का नाम : भारत डायनामिक्स लिमिटेड

iv) कंपनी की श्रेणी / उप-श्रेणी : मिनी रत्न श्रेणी-1

v) पंजीकृत कार्यालय का पता और संपर्क विवरण : कंचनबाग, हैदराबाद

vi) क्या सूचित कंपनी है? : हाँ / नहीं

vii) रजिस्टार और स्थानांतरण एजेंट का नाम, पता और संपर्क विवरण, यदि हो तो : लागू नहीं.

## II. कंपनी की प्रमुख संव्यवहार गतिविधियाँ :

कंपनी के कुल कारोबार का 10% या उससे अधिक योगदान देने वाली संव्यवहार गतिवधियों का उल्लेख करें -

| क्र.सं. | मुख्य उत्पाद / सेवाओं का नाम व विवरण | उत्पाद / सेवा का एन आई सी कोड | कंपनी के कुल कारोबार का % |
|---|---|---|---|
| 1. | एम सी ए अधिसूचना के तहत शून्य संख्यक दि. 5 जून, 2015 सूचना के प्रकटन से छूट प्राप्त. | | |

## III. स्वामित्व, अधीनस्थ व सहयोगी कंपनियों का विवरण :

| क्र.सं. | कंपनी का नाम व पता | सी आई एन /जी एल एन | स्वामित्व/ अधीनस्थ/ सहयोगी | शेर का % | लागू धारा |
|---|---|---|---|---|---|
| - शून्य - | | | | | |

## IV. शेयर धारण की पद्धति (कुल ईक्विटी के प्रतिशत के रूप में ईक्विटी शेयर का पूँजीगत ब्रेकअप,)

### i) श्रेणीवार शेयर धारण

| शेयरधारकों की श्रेणी | वर्ष के आरंभ में धारित कुल शेयर | | | | वर्ष के अंत तक कुल शेयर की संख्या | | | | वर्ष के दौरान परिवर्तन का % |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | डी मैट | भौतिकतः | कुल | कुल शेयर का % | डी मैट | भौतिकतः | कुल | कुल शेयर का % | |
| **ए. प्रचारक** | | | | | | | | | |
| 1) भारतीय | | | | | | | | | |
| ए) वैयक्तिक/ एच यू एफ | - | - | - | - | - | - | - | - | |
| बी) केंद्र सरकार | | | | 100% शेयर भारत सरकार के पास | | | | 100% शेयर भारत सरकार के पास | -शून्य- |
| सी) निगम संस्थाएँ | - | - | - | | - | - | - | | |
| डी) निगम संस्थाएँ | - | - | - | - | - | - | - | - | |
| ई) बैंक / वित्तीय संस्थाए | - | - | - | - | - | - | - | - | |
| एफ) अन्य कोई | - | - | - | - | - | - | - | - | |
| उप-कुल (ए) (1) : | | | | 100% शेयर भारत सरकार के पास | | | | 100% शेयर भारत सरकार के पास | |
| 2) विदेश | | | | | | | | | |
| ए) विदेशी - वैयक्तिक | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| बी) अन्य - वैयक्तिक | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| सी) निगम संस्थाएँ | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| डी) बैंक / वित्तीय संस्थाएँ | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| ई) अन्य कोई | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| उप कुल (ए) (2) : | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| प्रचारक के कुल शेयर (ए) = (ए) (1) + (ए) (2) | | | | 100% शेयर भारत सरकार के पास | | | | 100% शेयर भारत सरकार के पास | -शून्य- |

| शेयरधारकों की श्रेणी | वर्ष के आरंभ में धारित कुल शेयर की संख्या | | | | वर्ष के अंत तक कुल शेयर की संख्या | | | | वर्ष के दौरान परिवर्तन का % |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | डी मैट | भौतिकतः | कुल | कुल शेयर का % | डी मैट | भौतिकतः | कुल | कुल शेयर का % | |
| ए. सार्वजनिक शेयर धारण | | | | | | | | | |
| 1. संस्थान | | | | | | | | | |
| ए) म्यूचुअल फण्ड | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| बी) बैंक / वित्तीय संस्थाएँ | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| सी) केंद्र सरकार | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| डी) राज्य सरकार | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| ई) वेंचर पूँजी निधियाँ | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| एफ) इंश्योरेंस कंपनियाँ | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| जी) एफ आई आई एस | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| एच) विदेश वेंचर पूँजी | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| आई) अन्य (निर्दिष्ट करें) | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| उप-कुल (बी) - (1) : | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 2. गैर-संस्थाएँ | | | | | | | | | |
| ए) निगम संस्थान | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| (i) भारतीय | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| (ii) ओवरसीज़ | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| बी) वैयक्तिक i) ₹ 1 लाख तक की सामान्य शेयर पूँजी रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| ii) ₹ 1 लाख से अधिक की सामान्य शेयर पूँजी रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक | - | - | - | - | - | - | - | - | - |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सी) अन्य (निर्दिष्ट करें) | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| उप-कुल (बी) (2) : | | | | | | | | | |
| कुल सार्वजनिक शेयरधारण (बी) = (बी) (1) + (बी) (2) | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| सी. जी डी आर तथा ए डी आर के लिए अभिरक्षक द्वारा लिये गये शेयर | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| सकल योग (ए+बी+सी) | | | | 100% शेयर भारत सरकार के पास | | | | 100% शेयर भारत सरकार के पास | |

## (ii) प्रचारकों के शेयर

| क्र. सं. | शेयरधारक का नाम | वर्ष के आरंभ में धारित कुल शेयर | | | वर्ष के अंत तक कुल शेयर धारण की संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | शेयर की संख्या | कंपनी के कुल शेयरों का % | कुल शेयर में से बंधित / भारित शेयर का % | शेयर की संख्या | कंपनी के कुल शेयरों का % | कुल शेयर में से बंधित / भारित शेयर का % | |
| कुल | 100% शेयर भारत सरकार के पास | - | - | - | - | - | - | - |

## (iii) प्रचारकों की शेयरधारिता में परिवर्तन (यदि कोई परिवर्तन न हो तो उल्लेख करें)

| क्र. सं. | | वर्ष के आरंभ में कुल शेयर धारण | | वर्ष के दौरान संचित शेयर धारण | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | कुल शेयर | कंपनी के कुल शेयर का % | कुल शेयर | कंपनी के कुल शेयर का % |
| | वर्ष के आरंभ में | | | | |
| | वृद्धि / अपवृद्धि का कारण स्पष्ट करते हुए वर्ष के दौरान प्रचारक की शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि / अपवृद्धि (उदा. आबंटन / अंतरण / बोनस/स्वेट ईक्विटी आदि) : | - लागू नहीं - | | | |
| | वर्ष की समाप्ति पर | - लागू नहीं - | | | |

(iv) उच्चतम शेयरधारकों की शेयरधारण पद्धति (निदेशक, प्रचारक तथा जी डी आर तथा ए डी आर धारकों के अतिरिक्त)

| क्र. सं. | | वर्ष के आरंभ में मौजूद कुल शेयर धारण | | वर्ष के दौरान संचित शेयर धारण | |
|---|---|---|---|---|---|
| | प्रत्येक 10 शेयरधारकों के लिए | कुल शेयर | कंपनी के कुल शेयर का % | कुल शेयर | कंपनी के कुल शेयर का % |
| | वर्ष के आरंभ में | | | | |
| | वृद्धि / अपवृद्धि का कारण स्पष्ट करते हुए वर्ष के दौरान प्रचारकों की शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि / अपवृद्धि (उदा. आबंटन / अंतरण / बोनस / स्वेट ईक्विटी आदि) : | - लागू नहीं - | | | |
| | वर्ष की समाप्ति पर (या वर्ष के दौरान अलग हो जाने की स्थिति में अधिवर्षिता की तारीख पर) | - लागू नहीं - | | | |

(v) निदेशक और प्रमुख प्रबंधन व्यक्तियों का शेयरधारण

| क्र.सं. | | वर्ष के आरंभ में कुल शेयर धारण | | वर्ष के दौरान संचित शेयर धारण | |
|---|---|---|---|---|---|
| | प्रत्येक 10 शेयरधारकों के लिए | कुल शेयर | कंपनी के कुल शेयर का % | कुल शेयर | कंपनी के कुल शेयर का % |
| | वर्ष के आरंभ में | | | | |
| | वृद्धि / अपवृद्धि का कारण स्पष्ट करते हुए वर्ष के दौरान प्रचारकों की शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि / अपवृद्धि (उदा. आबंटन / अंतरण / बोनस/स्वेट ईक्विटी आदि) : | - लागू नहीं - | | | |
| | वर्ष की समाप्ति पर | - लागू नहीं - | | | |

(vi) ऋणग्रस्तता :

बकाया ऋण / भुगतान के लिए बकाया नहीं ऐसा प्रोद्भूत ब्याज मिलाकर कंपनी की ऋणग्रस्तता

| | निक्षेप के अतिरिक्त लिए गए सुरक्षित ऋण | असुरक्षित ऋण | जमा | कुल ऋणग्रस्तता |
|---|---|---|---|---|
| वित्तीय वर्ष के आरंभ में ऋणग्रस्तता<br>i) मूल राशि<br>ii) ब्याज शेष लेकिन भुगतान नहीं किया गया<br>iii) ब्याज प्रोद्भूत लेकिन बकाया नहीं | - लागू नहीं - | | | |
| कुल (i + ii + iii) | - लागू नहीं - | | | |
| वर्ष के दौरान ऋणग्रस्तता में परिवर्तन<br>• जोड़<br>• कमी | | | | |
| निवल परिवर्तन | - लागू नहीं - | | | |
| वर्ष की समाप्ति पर ऋणग्रस्तता<br>iv) मूल राशि<br>v) ब्याज शेष लेकिन भुगतान नहीं किया गया<br>vi) ब्याज प्रोद्भूत लेकिन बकाया नहीं | | | | |
| कुल (i + ii + iii) | - लागू नहीं - | | | |

(vii) निदेशक तथा मुख्य प्रबंधन व्यक्तियों का पारिश्रमिक :

ए. प्रबंध निदेशक, पूर्णकालिक निदेशक और / या प्रबंधक का पारिश्रमिक :

(₹ में)

| क्र. सं. | पारिश्रमिक का विवरण | | | प्रबंध निदेशक/पूर्णकालिक निदेश/प्रबंधक का नाम | | | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | एस एन मंथा | एस वी सुब्बा राव | वी उदय भास्कर | एवीएम एन वी सिंह | एस पिरमनायगम | |
| 1. | सकल वेतन (ए) आयकर अधिनियम, 1961 के 17 (1) में उल्लिखित प्रावधानानुसार वेतन | 28,67,152 | 23,12,751 | 33,39,139 | 35,91,408 | 7,45,608 | 1,28,56,058 |
| | (बी) आयकर अधिनियम, 1961 के प्रावधान 17 (2) अनुसार अनुलाभ | 7,91,608 | 7,06,129 | 9,56,907 | 5,36,965 | 95,986 | 30,87,595 |
| | (सी) आयकर धारा 17 (3) के समानांतर लाभ | - | - | - | - | - | - |
| 2. | स्टॉक विकल्प | - | - | - | - | - | - |
| 3. | स्वेट ईक्विटी | - | - | - | - | - | - |
| 4. | कमीशन - लाभ के % के रूप में - अन्य, निर्दिष्ट करें | - | - | - | - | - | - |
| 5. | अन्य, कृपया निर्दिष्ट करें | - | - | - | - | - | - |
| | कुल (ए) | 36,58,760 | 30,18,880 | 42,96,046 | 41,28,373 | 8,41,594 | 1,59,43,653 |

टिप्पणी : (1) श्री वी उदय भास्कर को दि. 29.01.2015 तक निदेशक (उत्पादन) के रूप में और दि. 30.01.2015 से दि. 31.03.2015 तक सी एम डी के रूप में वेतन और अनुलाभ प्राप्त हुए हैं.

(2) श्री एस पिरमनायगम, निदेशक (वित्त) को दि. 01.01.2015 से 31.03.2015 तक वेतन और अनुलाभ मिले हैं.

बी. अन्य निदेशकों का पारिश्रमिक

(₹ में)

| क्र.सं. | पारिश्रमिक का विवरण | निदेशक का नाम | कुल राशि |
|---|---|---|---|
| | | श्री ए के कपूर | |
| 1. | स्वतंत्र निदेशक<br>• निदेशक मंडल समिति की बैठक में उपस्थित होने के लिए शुल्क<br>• कमीशन<br>• अन्य, कृपया निर्दिष्ट करें | 3,80,000<br>-<br>- | 3,80,000<br>-<br>- |
| | कुल (1) | 3,80,000 | 3,80,000 |
| 2. | अन्य गैर-अधिशासी निदेशक<br>• निदेशक मंडल समिति बैठक में उपस्थित होने के लिए शुल्क<br>• कमीशन<br>• अन्य, कृपया निर्दिष्ट करें | -<br>-<br>- | -<br>-<br>- |
| | कुल (2) | - | - |
| | कुल (बी) = (1+2) | 3,80,000 | 3,80,000 |
| | कुल प्रबंधकीय पारिश्रमिक | | |
| | अधिनियम के अनुसार कुल सीमांत | | |

सी. प्रबंध निदेशक / प्रबंधक / पूर्णकालिक निदेशकों के अलावा मुख्य प्रबंधन व्यक्तियों को पारिश्रमिक

| क्र.सं. | पारिश्रमिक का विवरण | मुख्य प्रबंधन व्यक्ति | |
|---|---|---|---|
| | | एम लक्ष्मीनारायण कंपनी सचिव | कुल |
| 1. | सकल वेतन<br>(ए) आयकर अधिनियम, 1961 के 17 (1) में उल्लिखित प्रावधानानुसार वेतन | 15,69,059 | 15,69,059 |
| | (बी) आयकर अधिनियम, 1961 के प्रावधान 17 (2) अनुसार अनुलाभ | 2,46,948 | 2,46,948 |
| | (सी) आयकर धारा 17 (3) के समानांतर लाभ | - | - |
| 2. | स्टॉक विकल्प | - | - |
| 3. | स्वेट ईक्विटी | - | - |
| 4. | कमीशन<br>- लाभ के % के रूप में<br>- अन्य, निर्दिष्ट करें | - | - |
| 5. | अन्य, कृपया निर्दिष्ट करें | - | - |
| | कुल | 18,16,007 | 18,16,007 |

### (viii) अपराध पर जुर्माना / दंड / निपटान

| प्रकार | कंपनी अधिनियम की धारा | संक्षिप्त विवरण | लगाए गए जुर्माना / दंड / निपटान शुल्क के विवरण | प्राधिकरण (आर डी / एन सी एल टी / अदालत) | यदि कोई अपील की गई हो (विवरण दें) |
|---|---|---|---|---|---|
| **ए. कंपनी** | | | | | |
| जुर्माना | - | - | - | - | - |
| दंड | - | - | - | - | - |
| निपटान | - | - | - | - | - |
| **बी. निदेशक** | | | | | |
| जुर्माना | - | - | - | - | - |
| दंड | - | - | - | - | - |
| निपटान | - | - | - | - | - |
| **सी. अन्य चूककर्ता अधिकारी** | | | | | |
| जुर्माना | - | - | - | - | - |
| दंड | - | - | - | - | - |
| निपटान | - | - | - | - | - |

अनुलग्नक-II

# प्रबंधन चर्चा एवं विश्लेषण संबंधी रिपोर्ट

## 1. उद्योग संरचना एवं विकास :

1.1 मिनी रत्न श्रेणी-1 वर्ग की कंपनी भारत डायनामिक्स लिमिटेड की स्थापना सन् 1970 में रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन हुई थी. यह कंपनी टैंकरोधी संचलित प्रक्षेपास्त्र विनिर्माण की एक अग्रणी कंपनी है. आज कंपनी नवीनतम पीढ़ी के ए टी जी एम, सतह से हवा में मार करने वाली अस्त्र प्रणाली, सामरिक अस्त्र, प्रमोचक, अंतर्जलास्त्र, डिकॉय एवं परीक्षण उपकरण के विनिर्माण के एक संगठित उद्यम के रूप में उभरी है तथा कंपनी कई अत्याधुनिक किस्म के अस्त्र भी बनाने जा रही है.

1.2 कंपनी के सभी उत्पाद एकल प्रयुक्त होते हैं. अत: उच्च स्तरीय विश्वसनीयता की माँग करते हैं. इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कंपनी की गुणता नीति बनायी गयी है. प्रौद्योगिक उत्कृष्टता की चाह संगठन का मार्गदर्शी सिद्धांत रहा है जो 'शांति का आधार अस्त्र-बल' के रूप में जाना जाता है. कंपानी, सहभागिकर्ताओं तथा डी आर डी ओ से प्रौद्योगिकी अंतरण द्वारा रक्षा उपकरणों के विनिर्माण के साथ-साथ, आंतरिक अनुसंधान एवं विकास द्वारा नये उत्पाद भी विकसित कर रही है.

1.3 अस्त्र प्रणाली प्रौद्योगिकी में विश्वस्तरीय कंपनियों एवं डी आर डी ओ के साथ प्रौद्योगिकी सहभागिता ने कंपनी को सशस्त्र सेनाओं के लिए प्रभावी एवं प्रतिस्पर्धात्मक समाधान प्रदान करने में सक्षम बनाया है. कंपनी दूसरी एवं तीसरी पीढ़ी के टैंकरोधी संचलित प्रक्षेपास्त्र विनिर्माण के लिए एक प्रमुख उत्पादन अभिकरण है. कंपनी ग्राहकों के लिए आवश्यक सभी वर्ग के सतह से हवा में मार करने वाले प्रक्षेपास्त्रों के उत्पादन के लिए भी मुख्य उत्पादन अभिकरण है. कंपनी ने सशस्त्र सेनाओं के द्वारा इस्तेमाल किये जाने वाले पुराने प्रक्षेपास्त्रों के पुनर्सज्जीकरण का कार्य भी लिया है.

1.4 दि. 31 मार्च, 2015 तक कंपनी के पास रु. 16357 करोड़ के कार्य-आदेश हैं. अपेक्षित कार्य-आदेश को ध्यान में रखते हुए कंपनी बहुगुणित विकास के लिए तत्पर है. मार्च 2016 तक वर्तमान माँगपत्र के तहत कांकूर्स-एम की आपूर्ति पूरा कर दिये जाने की उम्मीद है और साथ ही, बड़ी मात्रा में कांकूर्स-एम के माँग-पत्र प्राप्त किये जाने की भी उम्मीद है. कंपनी, सैम तथा ए टी जी एम की बढ़ती माँग को पूरा करने के लिए वर्तमान क्षमताओं मे वृद्धि करने तथा कई जगहों पर नई विनिर्माण सुविधाएँ स्थापित करने की योजना भी बना रही है. सिविल संरचना का निर्माण किया जा रहा है तथा संयंत्र व मशीनरी का आधुनिकीकरण / उन्नयन कार्य जारी है.

1.5 चार दशक से भी अधिक समय से मिसाइल बनाने व मिसाइल एकीकरण के अनुभव ने बी डी एल को मिसाइल के पुनर्सज्जीकरण कार्य के लिए नोडल एजेंसी बना दिया है.

1.6 आवश्यक भूमि खरीद और आवश्यक संरचना के साथ नई उत्पादन व्यवस्था बनाने के लिए तैयार.

1.7 डी आर डी ओ तथा अन्य प्रयोगशालाओं के साथ अभिगम की सुगमता.

1.8 आधुनिक विनिर्माण तथा परीक्षण सुविधाओं से युक्त.

## 2. भविष्य-दृष्टि :

2.1 भारतीय सशस्त्र सेनाओं द्वारा आरंभ किये गये आधुनिकता कार्यक्रम के चलते कंपनी की भविष्य-दृष्टि उज्ज्वल दिखाई देती है. मिलान-2टी एवं कांकूर्स-एम ए टी जी एम जैसी वर्तमान परियोजनाओं के नये माँग पत्र प्रयोक्ता द्वारा विचाराधीन हैं और इससे वर्तमान क्षमताओं के भरपूर प्रयोग में सहायता मिलेगी. विश्रॉड, स्पाईक मिसाइल, एम टी ओ टी परियोजना जैसी नई परियोजनाएँ प्रयोक्ता द्वारा विभिन्न स्तरों पर विचाराधीन हैं.

## 3. जोख़िम एवं चिंताएँ :

i) अभिकल्पक द्वारा विकसित एकल स्रोत विक्रेता पर निर्भरता.

ii) कुछ परियोजनाओं के संदर्भ में लगातार ओ ई एम पर निर्भरता जारी रहना.

iii) संविदाओं के निष्कर्ष तक पहुँच कर आदेश प्राप्त करने में लगने वाली दीर्घावधि.

iv) सशस्त्र सेनाओं द्वारा अस्त्र-अधिग्रहण में लिया जाने वाला अधिक समय कंपनी के लागत नियंत्रण उपायों के लिए चुनौती खड़ी कर रहा है.

## 4. आंतरिक नियंत्रण प्रणाली तथा उसकी पर्याप्तता :

4.1 कंपनी ने सभी प्रकार के आंतरिक नियंत्रणों तथा प्रणालियों के वित्तीय औचित्य के सभी मानदंडों को बेहतर बनाने की व्यवस्था की है. इनकी पर्याप्तता सुनिश्चित करने तथा इस पर रिपोर्ट देने के लिए बाह्य लेखा परीक्षक फर्म को नियुक्त किया गया है. बी डी एल के आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग तथा आंतरिक लेखा फर्म की रिपोर्टों का विस्तृत विश्लेषण लेखापरीक्षा समिति के समक्ष समीक्षा के लिए प्रस्तुत किये जाते हैं.

## 5. परिचालनीय कार्यनिष्पादन से संबंधित वित्तीय कार्य-निष्पादन पर चर्चा :

5.1 वित्तीय मामलों में कंपनी के कार्य-निष्पादन का सार इस प्रकार है -

| विवरण | करोड़ रुपये में | | % वृद्धि / (अपवृद्धि) |
|---|---|---|---|
| | 2013-14 | 2014-15 | |
| बिक्री मूल्य | 1779.89 | 2799.68 | 57.29% |
| उत्पादन मूल्य | 1804.49 | 2770.05 | 53.51% |
| मूल्य वर्धन | 578.48 | 914.95 | 58.16% |
| प्रति कर्मचारी मूल्यवर्धन (₹ लाख) | 17.71 | 28.74 | 62.28% |
| कराधान पूर्व लाभ | 508.59 | 614.19 | 20.76% |
| कराधान बाद लाभ | 345.51 | 418.57 | 21.15% |

5.2 निम्नलिखित विवरण में कंपनी की वित्तीय स्थिति प्रदर्शित है -

| विवरण | करोड़ रुपये में | | % वृद्धि / (अपवृद्धि) |
|---|---|---|---|
| | 2013-14 | 2014-15 | |
| सकल निरुद्ध | 834.56 | 940.04 | 12.64% |
| मूल्यह्रास प्रारक्षण | 474.95 | 546.18 | 15.00% |
| निवल निरुद्ध | 359.61 | 393.86 | 9.52% |
| कार्यगत पूँजी | 812.68* | 908.28 | 11.76% |
| नियोजित पूँजी | 1172.29* | 1302.14 | 11.08% |
| निवल मालियत | 1217.75 | 1533.37 | 25.92 |

* वर्ष 2013-14 की चालू परिसंपत्तियाँ तथा चालू देयताओं के पुनर्समूहन के कारण समायोजित.

## 6.1 मानव संसाधन, औद्योगिक संबंध, नियोजित कर्मचारियों सहित सामग्री का विकास :

6.1.1 दि. 31 मार्च, 2015 तक बी डी एल की मानव-शक्ति निम्नवत है -

| | कार्यपालकेतर | कार्यपालक | कुल |
|---|---|---|---|
| पुरुष | 2061 | 780 | 2841 |
| स्त्री | 242 | 100 | 342 |
| कुल | **2303** | **880** | **3183** |
| पिछले वर्ष | 2420 | 846 | 3266 |

**टिप्पणी :** पिछले एवं रिपोर्टाधीन वर्ष के कार्यपालकेतरों की संख्या में 184 (2013-14) एवं 03 (2014-15) अस्थायी वर्ग के कर्मचारी शामिल हैं.

6.1.2 मानव संसाधन विकास ने बी डी एल में पेशेवर परियोजना प्रबंधन (पी एम पी) के विशिष्ट समुदाय को स्थापित करने की एक उत्कृष्ट परियोजना बनायी है. इस ओर कदम बढ़ाते हुए बी ई क्यू आई, बेंगलूर के सहयोग से पी एम आई, यू एस ए द्वारा तीस कार्यपालकों को प्रशिक्षित कर प्रमाणित करने की योजना बनाई गई है. इस तरह प्रशिक्षित तीस पी एम पी प्रमाणित पेशेवर आंतरिक तौर पर क्रमवार ढंग से परियोजना प्रबंधन पर कार्यपालकों को प्रशिक्षित करेंगे.

## 6.2 औद्योगिक संबंध :

6.2.1 वर्ष के दौरान समता एवं मैत्रीपूर्ण औद्योगिक संबंध बनाये रखने में सभी वर्ग के कर्मचारी यथा - मान्यता प्राप्त यूनियन के प्रतिनिधि, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्ग के संघ तथा अधिकारी संघ का लगातार सहयोग व समर्थन मिलता रहा है. कार्य समिति, संरक्षा समिति, कल्याण समिति जैसी सांविधिक व गैर-सांविधिक समितियाँ सभी स्तरों पर कार्य-स्थल अनुशासन बनाए रखने में सहयोग दे रही हैं.

## 7. पर्यावरण सुरक्षा और संरक्षण, प्रौद्योगिकीय संरक्षण, नवीकरण ऊर्जा विकास :

7.1 उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक उपयोग द्वारा विकास प्रक्रिया को पर्यावरण हितैषी पद्धति से आगे बढ़ाने के लिए सतत विकास, राष्ट्रीय प्राथमिकता बन गया है. बी डी एल द्वारा अपनायी जा रही सतत् विकास कार्यान्वयन की कठोर पद्धतियों को ध्यान में रखते हुए ऊर्जा क्षमता के विकास द्वारा ऊर्जा संरक्षण के लिए विभिन्न कार्यक्रम आरंभ किये गये हैं.

7.2 सौर ऊर्जा, महत्वपूर्ण नवीकरण ऊर्जा स्रोतों में से एक है जो पिछले कुछ दिनों से ध्यानाकर्षित कर रही है. सौर ऊर्जा शुद्ध एवं उत्सर्जनमुक्त होती है. प्रकृति के लिए हानिकारक प्रदूषक या उपजात पैदा नहीं करने के कारण यह पर्यावरणहितैषी भी है. इसे ध्यान में रखते हुए कपनी ने कंचनबाग कांप्लेक्स में वर्ष 2014-15 से 2015-16 की अवधि के दौरान 200 के वी ग्रिड टाईड सोलार पीवी पॉवर प्लांट की स्थापना का प्रस्ताव रखा है.

7.3 ए सी प्रणालियों के शीतलीकरण तथा वाटर सर्क्यूट के निर्माण के लिए स्थापित जल शुद्धीकरण प्रणाली की स्थापना से ए सी संयंत्र की क्षमता में वृद्धि हुई है.

7.4 पर्यावरण परिरक्षण हमारे राष्ट्र द्वारा शताब्दी विकास लक्ष्य है. राष्ट्र के इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए बी डी एल लगातार वृक्षारोपण तथा वर्षा जल संचयन गर्त विकासात्मक कदम निरंतर उठा रहा है ताक भू-जल के स्तर में बढ़ोत्तरी हो सके. सोलार स्ट्रीट लाइट जैसी ऊर्जा प्रणालियों को अपना कर कार्बन-उत्सर्जन कम करने का प्रास किया गया है. सातत्यता विकास कार्यक्रम एक निरंतर प्रक्रिया है और पर्यावरण सातत्यता प्राप्त करने के लिए बी डी एल इसे अपने दैनंदिन का अंग बनाने में लगा है.

## 8. विदेशी मुद्रा संरक्षण :

8.1 कंपनी, अंतिम उत्पादों के संयोजन में देशीय घटकों को बढ़ावा देते हुए, ओ ई एम से घटक एवं उप-प्रणालियों का आयात घटाते हुए विदेशी मुद्रा संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास कर रही है.

## 9. नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व और सातत्यता विकास :

9.1 नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व कंपनी का एक जुड़ा हुआ हिस्सा माना जाता है. एक अच्छे नैगमिक संगठन होने के नाते बी डी एल सामाजिक एवं कल्याण संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पूरी पारदर्शिता एवं निष्ठा के साथ महती भूमिका निभा रहा है.

9.2 रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान कंपनी ने स्वास्थ्य संरक्षण, मध्याह्न भोजन, सुरक्षित पेयजल एवं बायो टॉयलेट, ई-एस ए जी यू, स्वच्छ भारत कोष, शुद्ध गंगा निधि के तहत शौचालयों का निर्माण जैसी कई गतिविधियों के लिए रु. 416.65 लाख की राशि खर्च की है. प्रधानमंत्री कार्यक्रम के तहत कंपनी ने स्वच्छ भारत कोष एवं शुद्ध गंगा निधि के तहत अपनी सी एस आर गतिविधियों के लिए भी अंशदान दिया है.

9.3 रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान कंपनी ने सातत्यता विकास के तहत सोलार लाइटिंग, ऊर्जा ऑडिट सिफारिशों के आधार पर गतिविधियों के कार्यान्वयन के लिए व्यय किया है.

9.4 कंपनी ने तेलंगाना एवं आंध्र प्रदेश राज्यों में गाँव अपनाने के लिए कुछ गाँवों की पहचान की है. इसी तरह स्वच्छ भारत कोष के तहत तेलंगाना एवं आंध्र प्रदेश राज्यों के सरकारी स्कूलों में 175 शौचालयों के निर्माण का कार्य भी शुरू किया गया है.

9.5 कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानानुसार कंपनी द्वारा अपने तुरंत पूर्ववर्ती तीन वित्तीय वर्षों के दौरान प्राप्त औसतन निवल लाभ में से हर वित्तीय वर्ष में 2% की राशि सी एस आर गतिविधियों पर खर्च किया जाना चाहिए. अधिशासी निदेशक (का. एवं प्रशा.) की अध्यक्षता में बोर्ड से निचले स्तर की समिति कंपनी द्वारा की जा रही गतिविधियों का अनुवीक्षण करती है तथा आवधिक अंतराल पर बैठकें बुलायी जाती हैं. तथापि, निर्धारित ₹ 8.51 करोड़ की राशि में से कंपनी द्वारा ₹ 4.17 करोड़ की राशि खर्च की गई है. स्वच्छ भारत के अंतर्गत शौचालयों का निर्माण, गाँवों को अपनाना आदि कार्य वित्तीय वर्ष के द्वितीयार्थ में होने के कारण यह राशि रिपोर्टाधीन वर्ष में पूरी तरह खर्च नहीं की जा सकी. साथ ही, आर ओ ट्रीटमेंट संयंत्र तथा 100 के डब्ल्यू ग्रिड टाइड सोलार पी वी पॉवर प्लांट का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है. यद्यपि, इन गतिविधियों का संस्थापन तथा परीक्षण पूरा होना है जो वर्ष 2015-16 के दौरान पूरा हो जाएगा. करोड़ की राशि खर्च की गई है. स्वच्छ भारत के अंतर्गत शौचालयों का निर्माण, गाँवों को अपनाना आदि कार्य वित्तीय वर्ष के द्वितीयार्थ में होने के कारण यह राशि रिपोर्टाधीन वर्ष में पूरी तरह खर्च नहीं की जा सकी. साथ ही, आर ओ ट्रीटमेंट संयंत्र तथा 100 के डब्ल्यू ग्रिड टाइड सोलार पी वी पॉवर प्लांट का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है. यद्यपि, इन गतिविधियों का संस्थापन तथा परीक्षण पूरा होना है जो वर्ष 2015-16 के दौरान पूरा हो जाएगा.

अनुलग्नक - III

# नैगमिक अभिशासन पर रिपोर्ट

## 1. नैगमिक अभिशासन संबंधी कंपनी की विचारधारा :

1.1 कंपनी के सभी कार्यों में पारदर्शिता, उचित बातों का प्रकटीकरण, कानून का अनुपालन, नैतिक मूल्यों के पालन सहित सभी स्वामित्वधारकों के हितों का ध्यान रखना कंपनी की नैगमिक अभिशासन संबंधी विचारधारा है.

1.2 कंपनी अपने व्यावसायिक उपागम के साथ नैगमिक अभिशासन वचनों का लिखित एवं व्यावहारिक रूप में यथावत पालन कर रही है.

1.3 कंपनी की गतिविधियों का सांविधिक लेखापरीक्षक, भारत के निरीक्षक एवं महालेखापरीक्षक, केंद्रीय सतर्कता आयोग, रक्षा मंत्रालय (रक्षा उत्पादन विभाग) आदि कई बाह्य एजेंसियों द्वारा अनुवीक्षण किया जाता है.

## 2. निदेशक मंडल :

2.1 निदेशकों का गठन एवं उनकी श्रेणी -

2.1.1 समय-समय पर संशोधित संस्था के अंतर्नियम के प्रावधान अनुसार बी डी एल के निदेशक-मंडल में न्यूनतम 2 एवं अधिकतम 15 निदेशक होंगे. निदेशकों के क्वालिफिकेशन शेयर रखने की कोई आवश्यकता नहीं होगी.

2.1.2 भारत सरकार द्वारा कंपनी के निदेशक-मंडल का पुनर्गठन किया गया था जिसमें नौ सदस्य हैं यथा अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सहित चार पूर्णकालिक निदेशक, दो अंशकालिक सरकारी निदेशक एवं तीन अंशकालिक गैर-सरकारी (स्वतंत्र) निदेशक. इनके अतिरिक्त रक्षा मंत्रालय के निदेशानुसार चार स्थायी विशेष आमंत्रित सदस्य यथा - वायुसेना के उपाध्यक्ष, नौसेना के उपाध्यक्ष, थल सेना के उपाध्यक्ष एवं डी आर डी ओ के मनोनीत सदस्य शामिल हैं.

2.1.3 दि. 31 मार्च, 2015 को समाप्त वर्ष से संबंधित बोर्ड के सदस्यों का विवरण निम्नवत है -

### (अ) कार्यकारी / पूर्णकालिक निदेशक

(i) **श्री वी उदय भास्कर**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

(ii) **एवीएम एन बी सिंह,** अविसेमे, विसेमे
निदेशक (तकनीकी)

(iii) **एस पिरमनायगम**
निदेशक (वित्त)

(आ) **अंशकालिक सरकारी निदेशक**

(i) **श्री जे रामकृष्ण राव,** आई ए एस
संयुक्त सचिव (ई एस)
रक्षा उत्पादन विभाग
रक्षा मंत्रालय

(ii) **श्री आर जी विश्वनाथन,** आई ए अण्ड ए एस
अपर वित्त सलाहकार एवं संयुक्त सचिव (डी आर डी ओ)
रक्षा उत्पादन विभाग
रक्षा मंत्रालय

(इ) **अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक**

-शून्य-

2.1.4 दि. 31 मार्च, 2015 तक निदेशक मंडल की बैठक के वर्तमान स्थायी विशेष आमंत्रितों का विवरण इस प्रकार है -

(i) **वायस एडमिरल सुनील लांबा,** अविसेमे
नौसेना उपाध्यक्ष

(iii) **ले. जनरल सी ए कृष्णन,** उयुसेमे, अविसेमे
थल सेना के उप प्रमुख (पी अण्ड एस)

(iii) **एअर मार्शल आर के शर्मा,** पविसेमे, अविसेमे, विमे, विसेमे, एडीसी
वायु सेना उपाध्यक्ष

(iv) **डॉ. के जयरामन**
निदेशक, डी आर डी एल

2.2 निदेशक मंडल की बैठकें एवं उनमें उपस्थिति; निदेशक की सदस्यता या अध्यक्षता में गठित अन्य बोर्ड या बोर्ड समितियों की संख्या जिनमें निदेशक मंडल सदस्य अथवा अध्यक्ष हों.

2.2.1 वर्ष 2014-15 के दौरान दि. 17 अप्रैल, 2014; दि. 13 जून, 2014; दि. 24 जुलाई, 2014; दि. 25 सितंबर, 2014; दि. 29 नवंबर, 2014; दि. 06 फरवरी, 2015 और दि. 27 मार्च, 2015 को निदेशक-मंडल की कुल सात बैठकें संपन्न हुईं. निदेशक मंडल की बैठक हर तीन महीने में कम से कम एक बार और वर्ष के दौरान ऐसी चार बैठकें होनी आवश्यक है. निदेशक मंडल की सूचना एवं निर्णय के लिए आवश्यक सूचना उपलब्ध करायी जाती है.

2.2.2 वर्ष 2014-15 के दौरान निदेशक मंडल की बैठकों, वार्षिक आम-सभा में निदेशकों की उपस्थिति तथा उनकी अन्य निदेशक सदस्यता / समिति सदस्यता के विवरण इस प्रकार हैं -

| निदेशक | निदेशक मंडल की बैठकें | | 30 सितंबर, 2014 को संपन्न विगत ए जी एम में उपस्थिति | अन्य निदेशक सदस्यता में संपन्न बैठकें | सभी कंपनियों को मिलाकर समितियों में सदस्यता | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | निदेशकों के कार्यकाल में संपन्न निदेशक-मंडल की बैठकें | कुल बैठकों में प्रतिभाग | | | अध्यक्ष के रूप में | सदस्य के रूप में |
| कार्यकारी निदेशक | | | | | | |
| श्री एस एन मंथा<br>सी एम डी<br>(दि. 31 दिसंबर, 2014 तक) | 5 | 5 | हाँ | - | 2 | 2 |
| श्री वी उदय भास्कर<br>सी एम डी<br>30 जनवरी, 2015 से | 2 | 2 | - | - | 2 | - |
| निदेशक (उत्पादन) | 5 | 5 | हाँ | - | 4 | - |
| श्री एस वी सुब्बा राव<br>निदेशक (वित्त)<br>(दि. 31 दिसंबर, 2014 तक) | 5 | 5 | हाँ | - | - | 3 |
| एवीएम एन बी सिंह<br>अविसेमे, विसेमे (नि.)<br>निदेशक (तकनीकी) | 7 | 7 | हाँ | - | - | 4 |

| निदेशक | निदेशक मंडल की बैठकें | | 30 सितंबर, 2014 को संपन्न विगत ए जी एम में उपस्थिति | अन्य निदेशक सदस्यता में संपन्न बैठकें | सभी कंपनियों को मिलाकर समितियों में सदस्यता | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | निदेशकों के कार्यकाल में संपन्न निदेशक-मंडल की बैठकें | कुल बैठकों में प्रतिभाग | | | अध्यक्ष के रूप में | सदस्य के रूप में |
| श्री एस पिरमनायगम<br>निदेशक (वित्त)<br>(दि. 01 जनवरी, 2015 से) | 2 | 2 | - | - | - | 4 |
| अंशकालिक सरकारी निदेशक | | | | | | |
| श्री पी के मिश्र<br>संयुक्त सचिव<br>(दि. 31 जुलाई, 2014 तक) | 3 | 3 | - | - | - | 1 |
| श्रीमती कुसुम सिंह<br>संयुक्त सचिव<br>(दि. 18 नवंबर, 2014 तक) | 1 | 1 | - | - | - | - |
| श्री जे रामकृष्ण राव<br>संयुक्त सचिव (ई एस)<br>(दि. 19 नवंबर, 2014 से) | 3 | 3 | - | 1 | 2 | 1 |
| श्री आर जी विश्वनाथन<br>अपर वित्त सलाहकार एवं संयुक्त सचिव (डी आर डी ओ) | 7 | 5 | - | 1 | - | 2 |
| अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक | | | | | | |
| श्री ए के कपूर<br>(दि. 15 फरवरी, 2015 तक) | 6 | 6 | हाँ | - | 3 | 1 |

2.2.3 अपरिहार्य कारणों से बैठक में भाग नहीं लेने की स्थिति में निदेशकों को अनुपस्थिति अवकाश दिया गया.

2.2.4 इस संदर्भ में डी पी ई दिशा-निर्देशानुसार कोई भी निदेशक अपने कार्यरत सभी कंपनियों में दस से अधिक समितियों का सदस्य या किन्हीं पाँच से अधिक समितियों का अध्यक्ष नहीं है.

## 2.3 नये निदेशकों की नियुक्ति :

2.3.1 संस्था के अंतर्नियमों के तहत सभी निदेशकों की नियुक्ति भारत के महामहिम राष्ट्रपति द्वारा की जाती है. वर्ष 2014-15 के दौरान श्री पी के मिश्र, संयुक्त सचिव के स्थान पर श्रीमती कुसुम सिंह, संयुक्त सचिव, रक्षा उत्पादन विभाग, रक्षा मंत्रालय को सरकारी निदेशक के रूप में; श्री जे रामकृष्ण राव, संयुक्त सचिव (ई एस), रक्षा उत्पादन विभाग को सरकारी निदेशक के रूप में श्रीमती कुसुम सिंह, संयुक्त सचिव के स्थान पर; श्री एस पिरमनायगम को निदेशक (वित्त) के रूप में और श्री वी उदय भास्कर को बी डी एल के निदेशक मंडल में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्ति के संबंध में चार राष्ट्रपति आदेश प्राप्त किए गए.

### 2.3.2 कुसुम सिंह :

श्रीमती कुसुम सिंह दि. 29 अगस्त, 2014 से बी डी एल के निदेशक-मंडल में सरकार द्वारा मनोनीत निदेशक के रूप में नियुक्त की गई. इन्होंने दिल्ली कॉलेज ऑफ इकनॉमिक्स से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त हैं. ये 1984 बैच की आई आर पी एस अधिकारी हैं. श्रीमती कुसुम सिंह ने रक्षा मंत्रालय के रक्षा उत्पादन विभाग में संयुक्त सचिव (कार्मिक एवं समन्वयन) / (ईएस) के पदभार से पहले रेल मंत्रालय में सी आर आई एस (रेल सूचना प्रणाली केंद्र) के विभिन्न पदों पर काम किया है.

### 2.3.3 जे रामकृष्ण राव :

श्री जे रामकृष्ण राव दि. 19 नवंबर, 2014 से बी डी एल के निदेशक-मंडल में सरकार द्वारा मनोनीत निदेशक के रूप में नियुक्त किये गये. श्री रामकृष्णराव इलेक्ट्रॉनिक्स, कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग में प्रथम श्रेणी की इंजीनियरिंग स्नातक उपाधि प्राप्त की है. ये बिहार कैडर के 1985 बैच के आई ए एस अधिकारी हैं. अपनी नियुक्ति के आरंभिक दौर में श्री जे रामकृष्ण राव ने विभिन्न राज्यों में विभन्न मुख्य पदों पर अपनी सेवाएँ दी हैं. इन्होंने अक्तूबर, 2003 से अगस्त, 2004 के दौरान वित्तीय संस्थान के प्रबंध निदेशक के रूप में और अगस्त, 2004 से नवंबर, 2009 के दौरान बी डी एल के मुख्य सतर्कता अधिकारी के रूप में भी अपनी सेवाएँ दीं हैं. रक्षा उत्पादन विभाग, रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव के रूप में इस नियुक्ति से पहले श्री जे रामकृष्ण राव, बिहार लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष भी रहे.

### 2.3.4 एस पिरमनायगम :

श्री एस पिरमनायगम ने दि. 01 जनवरी, 2015 को भारत डायनामिक्स लिमिटेड के निदेशक मंडल के निदेशक (वित्त) के रूप में कार्य-भार ग्रहण किया. श्री एस पिरमनायगम विज्ञान में स्नातक एवं भारत के सनदी लेखाकार संस्थान के सहायक सदस्य हैं. बी डी एल में निदेशक (वित्त) का पदभार सँभालने से पूर्व ये बी ई एम एल के रेल एवं मेट्रो संव्यवहार के वित्तीय कार्यों के महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत रहे. इससे पूर्व इन्होंने बी डी एल के मध्य प्रबंधकीय कैडर में भी अपनी सेवाएँ दीं. लेखापरीक्षा, लेखा, वित्त और कराधान के क्षेत्र में इनका विस्तृत अनुभव है.

## 2.3.5 वी उदय भास्कर :

श्री वी उदय भास्कर ने दि. 30 जनवरी, 2015 को बी डी एल के निदेशक मंडल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का कार्य-भार ग्रहण किया. इन्होंने हारकोर्ट बट्लर टेकनोलॉजी इंस्टीट्यूट, कानपुर से प्लास्टिक टेकनोलॉजी एवं केमीकल इंजीनियरिंग में बी.टेक. की उपाधि प्राप्त की. पॉलीमर साइंस एवं टेकनोलॉजी में आई आई टी, दिल्ली से एम.टेक. की उपाधि प्राप्त की. इन्हें इनवार, कांकूर्स-एम का देशीकरण, मिसाइल-संयोजन, एकीकरण तथा परीक्षण, सामग्री प्रबंधन, विक्रेता विकास तथा योजना जैसे मिसाइल उत्पादन से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 23 से भी अधिक वर्ष का गहन अनुभव प्राप्त है. श्री वी उदय भास्कर वर्ष 2010-11 के लिए गौरवपूर्ण रक्षामंत्री नवोन्मेष पुरस्कार से सम्मानित हैं. अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में इस नियुक्ति से पूर्व श्री उदय भास्कर दि. 01 अगस्त, 2013 से बी डी एल के निदेशक मंडल में निदेशक (उत्पादन) थे.

## 3. निदेशक-मंडल की समितियाँ :

3.1 बी डी एल में दि. 31 मार्च, 2015 तक निदेशक मंडल की पाँच समितियाँ कार्यरत रहीं -

(i) लेखापरीक्षा समिति

(ii) पारिश्रमिक समिति

(iii) खरीद समिति

(iv) मानव संसाधन समिति

(v) कंपनी में सी एस आर योजना एवं सतत विकास के अनुवीक्षण के लिए समिति

3.2 इन समितियों की बैठकों के तुरंत बाद आयोजित की जाने वाली निदेशक मंडल की बैठकों में इनके कार्यवृत्त निदेशक मंडल की सूचना के लिए प्रस्तुत किये जाते हैं. बहुमत / सर्वसम्मति के आधार पर समितियों द्वारा निर्णय लिये जाते हैं.

## 4. लेखापरीक्षा समिति :

4.1 विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

4.1.1 डी पी ई द्वारा दि. 14 मई, 2010 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 18 (8)/2005 -जीएम के तहत जारी सी पी एस ई के नैगमिक अभिशासन के दिशा-निर्देश अनुसार लेखापरीक्षा समिति की भूमिका, अधिकार, जानकारी की समीक्षा क्षेत्र इत्यादि का संशोधन किया गया. अन्य बातों के साथ-साथ लेखापरीक्षा समिति के विचारार्थ विषय प्रस्तुत हैं -

(i) यह सुनिश्चित करने के लिए कि कंपनी के वित्तीय विवरण सही, पर्याप्त तथा विश्वसनीय हैं, कंपनी की रिपोर्टिंग प्रक्रिया में चूकवश होने वाली कमियों तथा इसकी वित्तीय सूचना का प्रकटन.

(ii) लेखापरीक्षा शुल्क निर्धारण के संबंध में निदेशक-मंडल को सिफारिश करना.

(iii) सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा अन्य प्रकार की प्रदत्त सेवाओं के लिए भुगतान का अनुमोदन.

(iv) निदेशक-मंडल के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किये जाने से पूर्व वार्षिक वित्तीय विवरणिकाओं की समीक्षा करना.

(v) आंतरिक लेखापरीक्षकों का कार्य-निष्पादन तथा आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता की समीक्षा करना.

(vi) आंतरिक लेखापरीक्षकों और / अथवा लेखापरीक्षकों से चर्चा कर कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर उस पर अनुवर्ती कार्रवाई करना.

(vii) लेखापरीक्षा से पूर्व लेखापरीक्षा की प्रकृति एवं परिधि के बारे में सांविधिक लेखापरीक्षकों से चर्चा करना अथवा लेखापरीक्षा उपरांत किसी चिंतनीय बात की जानकारी प्राप्त करने चर्चा.

(viii) नियंत्रक एवं महालेखाकार द्वारा की गई लेखापरीक्षा पर दिए गए निरीक्षणों पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा करना.

4.1.2 वर्ष 2014-15 से कंपनी के कुछ निर्दिष्ट क्षेत्रों की आंतरिक लेखापरीक्षा का कार्य चार सनदी लेखाकार फर्मों को सौंपा गया है जो कंपनी के आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग के अतिरिक्त हैं. इन सनदी लेखाकार फर्मों द्वारा प्रस्तुत लेखापरीक्षा रिपोर्टें समीक्षा के लिए लेखापरीक्षा समिति के समक्ष प्रस्तुत की जाती हैं.

## 4.2 गठन, अध्यक्ष व सदस्यों के नाम

4.2.1 दि. 15 फरवरी, 2015 तक लेखापरीक्षा समिति के निम्नलिखित निदेशक सदस्य रहे -
(संकल्प परिपत्र 04/2014 दि. 19 नवंबर, 2014 के तहत पुनर्गठित)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **श्री ए के कपूर**<br>उत्कृष्ट वैज्ञानिक, डी आर डी ओ<br>अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक<br>(स्वतंत्र निदेशक) | - | अध्यक्ष |
| 2. | **श्री जे रामकृष्ण राव,** आई ए एस<br>संयुक्त सचिव (ई एस)<br>रक्षा उत्पादन विभाग<br>सरकारी निदेशक<br>(मनोनीत निदेशक) | - | सदस्य |
| 3. | **श्री वी उदय भास्कर**<br>निदेशक (उत्पादन)<br>(कार्यकारी निदेशक) | - | सदस्य |
| 4. | **कंपनी सचिव** | - | सचिव |

4.2.2 दि. 15 फरवरी, 2015 को श्री ए के कपूर के कार्यकाल की समाप्ति और श्री वी उदय भास्कर को बी डी एल के निदेशक मंडल में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त करते हुए रक्षा मंत्रालय के पत्र एच-62011/5/2013-डी (बीडीएल), दि. 30 जनवरी, 2015 के क्रम में दि. 06 फरवरी, 2015 को संपन्न निदेशक मंडल की 221 वीं बैठक में लेखापरीक्षा समिति का पुनर्गठन किया गया. अत: दि. 31 मार्च, 2015 तक लेखापरीक्षा समिति के निम्नलिखित सदस्य रहे -

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **श्री जे रामकृष्ण राव,** आई ए एस<br>संयुक्त सचिव (ई एस)<br>रक्षा उत्पादन विभाग<br>रक्षा मंत्रालय<br>सरकारी निदेशक<br>(मनोनीत निदेशक) | - | अध्यक्ष |
| 2. | **श्री आर जी विश्वनाथन**<br>अपर वित्त सलाहकार एवं<br>संयुक्त सचिव (डी आर डी ओ)<br>सरकारी निदेशक<br>(मनोनीत निदेशक) | - | सदस्य |
| 3. | **एवीएम एन बी सिंह,** अविसेमे, विसेमे (नि.)<br>निदेशक (तकनीकी)<br>(कार्यकारी निदेशक) | - | सदस्य |
| 4. | **कंपनी सचिव** | - | सचिव |

4.2.3 लेखापरीक्षा समिति की बैठकों में कार्यकारी निदेशक स्थायी आमंत्रित के रूप में बुलाये जाते हैं तथा सांविधिक लेखापरीक्षक एवं आंतरिक लेखापरीक्षा करने वाले बाह्य सनदी लेखाकार फर्म के प्रतिनिधि आमंत्रण पर उपस्थित हो सकते हैं. कंपनी सचिव इस लेखापरीक्षा समिति के सदस्य सचिव के रूप में कार्य करते हैं.

4.3 वर्ष के दौरान लेखापरीक्षा समिति की बैठकें व इनमें उपस्थिति :

4.3.1 रक्षा मंत्रालय द्वारा दि. 29 अक्तूबर, 2012 को जारी परिपत्र संख्या 8 (94)/2012-डी के अनुसार डी पी एस यू मंडल द्वारा गठित लेखापरीक्षा समिति की बैठकें हर दो महीने में एक बार बुलायी जाएँगी. उपर्युक्त परिपत्र के अनुपालन में वर्ष 2014-15 के दौरान दि. 30 मई, 2014; दि. 24, जुलाई, 2014; दि. 25 सितंबर, 2014; दि. 29 नवंबर, 2014; दि. 24 जनवरी, 2015 और दि. 06 फरवरी, 2015 को कुल छ: बैठकें संपन्न हुईं.

| क्र.सं. | निदेशक का नाम सर्वश्री | संबंधित सदस्य के कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या | कुल उपस्थित बैठकें |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री ए के कपूर | 6 | 6 |
| 2. | श्री पी के मिश्र | 2 | 1 |
| 3. | श्री जे रामकृष्ण राव | 3 | 3 |
| 4. | श्री वी उदय भास्कर | 5 | 5 |

## 5. पारिश्रमिक समिति :

5.1 निदेशक मंडल ने दि. 26 नवंबर, 2008 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 2 (70)/08/डीपपीई (डब्ल्यू सी) के तहत डी पी ई द्वारा जारी दिशा-निर्देशानुसार दि. 30 जनवरी, 2009 को संपन्न अपनी बैठक में पारिश्रमिक समिति का गठन किया और एक स्वतंत्र निदेशक इसके अध्यक्ष नामित किए गए. कार्यपालक वर्ग के कर्मचारियों में वितरित करने के लिए वार्षिक बोनस / परिवर्ती वेतन पूल और नीति का निर्धारण करना, वार्षिक पी आर पी तथा उचित कार्य-निष्पादन प्रबंधन प्रणाली संस्तुत करना इत्यादि इस समिति के विचारार्थ विषय होंगे.

5.2 नैगमिक अभिशासन के संबंध में डी पी ई द्वारा जारी दिशानिर्देश तथा दि. 29 नवंबर, 2014 को संपन्न निदेशक मंडल की बैठक के अनुसार समय-समय पर पारिश्रमिक समिति का पुनर्गठन किया जाता है. दि. 15 फरवरी, 2015 तक समिति के निम्नलिखित सदस्य रहे -

1. **श्री ए के कपूर** - अध्यक्ष
   उत्कृष्ट वैज्ञानिक, डी आर डी ओ
   अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक
   (स्वतंत्र निदेशक)

2. **श्री जे रामकृष्ण राव,** आई ए एस - सदस्य
   संयुक्त सचिव (ई एस)
   रक्षा उत्पादन विभाग
   सरकारी निदेशक
   (मनोनीत निदेशक)

3. **श्री आर जी विश्वनाथन** - सदस्य
अपर वित्त सलाहकार एवं
संयुक्त सचिव (डी आर डी ओ)
सरकारी निदेशक
(मनोनीत निदेशक)

4. **कंपनी के का. एवं प्रशा. प्रमुख** - सचिव

5.3 दि. 15 फरवरी, 2015 को श्री ए के कपूर के कार्यकाल की समाप्ति के फलस्वरूप दि. 06 फरवरी, 2015 को संपन्न निदेशक मंडल की 221वीं बैठक में पारिश्रमिक समिति का पुनर्गठन किया गया. अत: दि. 31 मार्च, 2015 तक पारिश्रमिक समिति के निम्नलिखित सदस्य रहे -

1. **श्री जे रामकृष्ण राव,** आई ए एस - अध्यक्ष
संयुक्त सचिव (ई एस)
रक्षा उत्पादन विभाग
रक्षा मंत्रालय
सरकारी निदेशक
(मनोनीत निदेशक)

2. **श्री आर जी विश्वनाथन** - सदस्य
अपर वित्त सलाहकार एवं
संयुक्त सचिव (डी आर डी ओ)
सरकारी निदेशक
(मनोनीत निदेशक)

3. **श्री एस पिरमनायगम** - सदस्य
निदेशक (वित्त)
(कार्यकारी निदेशक)

4. **कंपनी सचिव** - सचिव

5.4 वर्ष 2014-15 के दौरान दि. 13 जून, 2014 और दि. 25 सितंबर, 2014 को पारिश्रमिक समिति की दो बैठकें संपन्न हुईं. इस बैठक में सदस्यों की उपस्थिति का विवरण इस प्रकार है -

| क्र.सं. | निदेशक का नाम<br>सर्वश्री | संबंधित सदस्य के कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या | कुल उपस्थित बैठकें |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री ए के कपूर | 2 | 2 |
| 2. | श्री पी के मिश्र | 1 | 1 |
| 3. | श्रीमती कुसुम सिंह<br>(दि. 18 नवंबर, 2014 तक) | 1 | 1 |
| 4. | श्री आर जी विश्वनाथन, आई ए अण्ड ए एस | 2 | 2 |

## 5.5 पारिश्रमिक नीति / सभी निदेशकों को देय पारिश्रमिक के विवरण :

5.5.1 केंद्र सरकार का सार्वजनिक उपक्रम होने के नाते, निदेशकों की नियुक्ति, इनका कार्यकाल तथा इनको देय पारिश्रमिक भारत सरकार द्वारा निर्धारित किया जाता है. अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा अन्य कार्यकारी निदेशकों की नियुक्ति संबंधी सरकारी पत्र में उनकी नियुक्ति से संबंधित निबंधन एवं शर्तें, कार्यकाल, मूल वेतन, वेतनमान, महँगाई भत्ता, नगर प्रतिपूर्ति भत्ता आदि की विस्तृत जानकारी होती है तथा इसमें यह भी सूचित किया जाता है कि जो अन्य निबंधन एवं शर्तें इस पत्र में नहीं दी गई हैं वहाँ कंपनी से संबद्ध नियमावली लागू होगी.

5.5.2 अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा अन्य कार्यकारी निदेशकों की नियुक्ति आरंभिक तौर पर नियुक्ति तिथि से पाँच वर्ष तक अथवा उनकी अधिवर्षिता तक या इस संबंध में अगले आदेश प्राप्त होने तक इनमें से सबसे पहले आने वाली अवधि तक नियुक्ति की जाती है. आयु, कार्य-निष्पादन तथा अन्य निर्दिष्ट शर्तों की पूर्ति को ध्यान में रखते हुए यह नियुक्ति आरंभिक अवधि से अगले पाँच वर्ष के लिए अथवा अधिवर्षिता की तारीख तक, इनमें से जो भी पहले आए उस तिथि तक सेवाएँ विस्तारित की जा सकती हैं. अंशकालिक सरकारी निदेशक सामान्यतः प्रशासनिक मंत्रालय से होते हैं तथा उनका सेवाकाल कंपनी के निदेशक-मंडल में नियुक्ति से लेकर उस मंत्रालय में बने रहने तक होता है. अंशकालिक गैर-अधिशासी निदेशकों (स्वतंत्र निदेशक) की नियुक्ति तीन वर्ष के लिए की जाती है.

5.5.3 वर्ष 2014-15 के दौरान पूर्णकालिक निदेशों के पारिश्रमिक के विवरण इस प्रकार हैं -

(₹ में)

| निदेशक का नाम सर्वश्री | बकाया वेतन *(ए) | लाभ *(बी) | भविष्य-निधि, पेंशन तथा ग्रेच्युटी में कंपनी का उपदान | प्रोत्साहन राशि *(सी) | पट्टा आवास | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **एस एन मंथा**<br>अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक<br>(दि. 31 दिसंबर, 2014 तक) | 1379265 | 599442 | 165510 | 1052711 | 343611 | 3540539 |
| **एस बी सुब्बा राव**<br>निदेशक (वित्त)<br>(दि. 31 दिसंबर, 2014 तक) | 1227453 | 504099 | 146346 | 697949 | 337500 | 2913347 |
| **वी उदय भास्कर**<br>निदेशक (उत्पादन)<br>(दि. 29 जनवरी, 2015 तक)<br>अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक<br>(दि. 30 जनवरी, 2015 से) | 1631515 | 744513 | 189760 | 1205033 | 375000 | 4145821 |
